रोहतक
शनिवार 7 मार्च 2026
चैत्र मास कृष्ण पक्ष, चतुर्थी वर्ष : 30, अंक : 31
पृष्ठ 12 मूल्य 3.00

# हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

मौसम
अधि. 35.5
न्यून. 13.7

## खबर संक्षेप

### बालेंद्र शाह जीत के करीब बनेंगे नेपाल के नए पीएम



**काठमांडू ।** नेपाल में जेन-जी आंदोलन के दौरान हीरो बनकर उभरे रैपर से राजनेता बने बालेंद्र शाह इतिहास रचने की तरफ बढ़ रहे हैं। देश के राष्ट्रीय चुनावों में बालेंद्र शाह की राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) की लहर चल रही है। शुक्रवार को हो रही मतगणना में आरएसपी सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। शाम को 3.50 बजे तक इसने 110 सीटों पर बढ़त बना ली थी। वहीं, दूसरे नंबर पर नेपाली कांग्रेस सिर्फ 12 सीटों पर आगे चल रही है।

### आंध्र प्रदेश और कर्नाटक ने बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई

**बेंगलुरु/अमरावती।** आंध्र प्रदेश और कर्नाटक, अलग-अलग आयु समूहों में बच्चों के लिए सोशल मीडिया के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने वाले पहले दो भारतीय राज्य बन गए। सोशल मीडिया की लत से बच्चों की सुरक्षा की आवश्यकता पर वैश्विक बहस के बीच, ऑस्ट्रेलिया और इंडोनेशिया ने भी इसी तरह के प्रतिबंध लागू किए हैं। आंध्र सरकार ने कहा कि 13 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन रहेगा। वहीं इंडोनेशिया ने 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया पर प्रतिबंध लगा दिया। भाषा

### नीट यूजी रजिस्ट्रेशन विंडो कल होगी बंद

**नई दिल्ली।** नीट यूजी 2026 के लिए चल रही रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया 8 मार्च रात 9 बजे बंद हो जाएगी। रजिस्ट्रेशन प्रोसेस 8 फरवरी को शुरू हुआ था। करीब एक महीने चलने वाली इस प्रक्रिया के बाद जिन इच्छुक और पात्र उम्मीदवारों ने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं किया है वे वेबसाइट पर जाकर पंजीयन करें। *एजेंसी*

## यूपीएससी सिविल सर्विस 2025 का परिणाम घोषित

# राजस्थान के अनुज टॉपर, तमिलनाडु की राजेश्वरी दूसरे और हरियाणा के एकांश ढुल तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली (भाषा)।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने शुक्रवार को सिविल सेवा परीक्षा 2025 का परिणाम घोषित कर दिया है। इसमें राजस्थान एमबीबीएस स्नातक अनुज अग्निहोत्री ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। वहीं, तमिलनाडु की राजेश्वरी सुवे एम ने दूसरा और हरियाणा में पंचकूला के एकांश ढुल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। इसके अलावा भी हरियाणा के कई होनहारों ने परीक्षा उत्तीर्ण की है। अग्निहोत्री ने चिकित्सा विज्ञान को वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर परीक्षा में सफलता हासिल की है। उन्होंने राजस्थान के जोधपुर स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एआईआईएमएस) से एमबीबीएस (बैचलर ऑफ मेडिसिन एंड बैचलर ऑफ सर्जरी) की उपाधि प्राप्त की है। वहीं, चेन्नई के अन्ना विश्वविद्यालय से इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (ईईई) में बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग (बीई) की डिग्री प्राप्त करने वाली राजेश्वरी ने समाजशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर दूसरा स्थान हासिल किया। दिल्ली विश्वविद्यालय से वाणिज्य स्नातक (बीकॉम) की उपाधि प्राप्त करने वाले एकांश ने वाणिज्य और लेखाशास्त्र को अपने वैकल्पिक विषय के रूप में चुनकर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

**958**
**कैंडिडेट्स सिलेक्ट**
**03**
**बेटियां, टॉप-10 में**



रैंक : 1
**अनुज अग्निहोत्री**
राजस्थान



रैंक : 2
**राजेश्वरी सुवे**
तमिलनाडु



रैंक : 3
**एकांश ढुल**
पंचकूला

### सीएम ने दी बधाई



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने यूपीएससी में चयनित प्रदेश के सभी युवाओं को बधाई दी। उन्होंने विशेषकर ऑल इंडिया में तीसरा स्थान हासिल करने वाले पंचकूला के एकांश ढुल को फोन कर शुभकामनाएं दी।

**यह भी जानें :** कुल पात्र उम्मीदवारों में से 317 सामान्य वर्ग से, 104 आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) से, 306 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से, 158 अनुसूचित जाति (एससी) से और 73 अनुसूचित जनजाति (एसटी) श्रेणियों से संबंधित हैं। दो उम्मीदवारों के परिणाम अभी तक रोके गए हैं।

**180 कैंडिडेट्स आईएएस के लिए चयनित**
कुल 180 कैंडिडेट्स आईएएस के लिए चयनित हुए हैं। आईएफएस के लिए 55 कैंडिडेट्स का चयन हुआ है। वहीं, 150 आईपीएस चुने गए हैं।

## हरियाणा के होनहार

| नाम | रैंक | स्थान |
|---|---|---|
| एकांश ढुल | 03 | पंचकूला |
| विकास कुंडू | 27 | जींद |
| दीपांशु जिंदल | 38 | यमुनानगर |
| राखी | 65 | बहादुरगढ़ |
| हर्ष नेहरा | 74 | ----- |
| मानसी गुप्ता | 78 | यमुनानगर |
| कशिश कालरा | 96 | जगाधरी |
| श्रेया गुप्ता | 114 | पानीपत |
| मानसी डागर | 137 | सोनीपत |
| संदेश जैन | 161 | गोहाना |
| उज्ज्वल घनघस | 174 | भिवानी |
| नितेश कुमार | 237 | नारनौल |
| मुकुल जिंदल | 243 | अंबाला |
| इशिता शर्मा | 268 | गोहाना |
| अमन प्रीत | 319 | यमुनानगर |
| अंशिका सांगवान | 330 | भिवानी |
| स्वाती आर्या | 366 | नरवाना |
| वैभव भारद्वाज | 344 | सोनीपत |
| राहुल | 379 | नारनौंद |
| यशवंत सांगवान | 391 | च.दादरी |
| अंकिता सिवाच | 442 | पहाड़ीपुर |
| तेजबीर | 476 | नारनौल |
| लोकेश गुप्ता | 488 | करनाल |
| अमन | 731 | सोनीपत |
| करन | 750 | नारनौल |
| मोहित यादव | 750 | नारनौल |
| अंकित | 826 | नारनौंद |
| सुनीता | 958 | च.दादरी |
| सुहासानी | ----- | अंबाला |

## अमेरिकी राष्ट्रपति ने बातचीत की संभावना को किया खारिज

# ट्रंप की चेतावनी : ईरान बिना शर्त सरेंडर करे, तभी समझौता

नई बेहतर लीडरशिप चुनी जाएगी, ईरान को फिर ग्रेट बनाएंगे

**इजराइल ने ईरान और लेबनान पर फिर दागीं मिसाइलें, भारी नुकसान** | **अमेरिका ने ईरानी ड्रोन वाहकपोत पर किया हमला, कहा-बमबारी और तेजी से बढ़ेगी** | **ईरान ने 22वीं बार इजराइल पर मिसाइलें दागी, कुवैत में यूएस मिलिट्री बेस पर हमला**

एजेंसी ▶▶ दुबई



ईरान के साथ युद्ध के बढ़ते दायरे के बीच अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर ईरान को चेतावनी दी है। ट्रंप ने पश्चिम एशिया में संघर्ष को समाप्त करने के लिए ईरान के साथ वार्ता की संभावना को खारिज करते हुए शुक्रवार को कहा कि ईरान के 'बिना शर्त सरेंडर' करने तक उसके साथ कोई समझौता नहीं होगा। इसके बाद ईरान में नई और बेहतर लीडरशिप चुनी जाएगी। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि ईरान के साथ कोई डील नहीं होगी, जब तक वह 'अनकंडीशनल सरेंडर' नहीं करता। उन्होंने कहा कि अमेरिका अपने सहयोगी देशों के साथ मिलकर ईरान को आर्थिक रूप से फिर मजबूत बनाने के लिए काम करेगा। ट्रम्प ने "मेक ईरान ग्रेट अगेन (एमआईजीए)" का नारा भी दिया। **(पेज 8 भी देखें)**

### भारत अब रूस से तेल खरीद कर सकेगा: यूएस

अमेरिका ने कहा कि वह भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए अस्थायी रूप से 30 दिनों की छूट दे रहा है। के वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि वैश्विक बाजार में तेल की आपूर्ति जारी रखने के लिए वित्त मंत्रालय भारतीय रिफाइनरियों को रूसी तेल खरीदने की अनुमति देने के लिए 30 दिन का लाइसेंस दिया है।

## तेल कंपनियां बढ़ाएं एलपीजी उत्पादन रसोई गैस सिलेंडर 60 रुपये महंगा



**सरकार ने रिफाइनरी कंपनियों पर लगाया एस्मा घरेलू गैस सिलेंडर अब 913 व कमर्शियल 1883 रुपये में मिलेगा**

**नई दिल्ली।** अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग अगर बढ़ी तो भारत में रसोई गैस की किल्लत बढ़ सकती है। इसलिए केंद्र सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश देने के लिए 'एस्मा' कानून के तहत आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल किया है। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पांच मार्च को जारी एक आदेश में सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की सभी रिफाइनरियों से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि उत्पादन के दौरान निकलने वाली प्रोपेन और ब्यूटेन गैस का अधिकतम उपयोग एलपीजी के उत्पादन में किया जाए। घरेलू गैस सिलेंडरों के दाम में 60 रुपये और कमर्शियल सिलेंडरों में 115 रुपये का इजाफा किया गया है। रसोई गैस सिलेंडर 913 और कमर्शियल सिलेंडर 1883 में मिलेगा।

*कतर की चेतावनी : बढ़ते तनाव के बीच कतर के ऊर्जा मंत्री ने चेतावनी दी है कि वह खाड़ी क्षेत्र में तेल का एक्सपोर्ट रोक सकता है। यदि ऐसा हुआ तो ग्लोबल बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती हैं।*

*हरियाणा में अब रसोई गैस सिलेंडर की बुकिंग 21 दिन में होगी। इससे लोगों को गैस की किल्लत झेलनी पड़ेगी।*

## सोनीपत में कार में पेपर सॉल्व करतीं 3 महिला टीचर पकड़ीं

» *मोबाइल में मिली 12वीं के प्रश्नों की पर्चियां*
» *प्रदेश में नकल के 30 केस, 7 पर्यवेक्षक हटाए*

**भिवानी/सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की परीक्षा के दौरान सोनीपत के कटवाल गांव में नकल कराने का एक हाई-प्रोफाइल मामला सामने आया। यहां हिस्ट्री और बायोलॉजी की परीक्षा के दौरान कटवाल स्थित एलजी पब्लिक स्कूल की 3 महिला टीचर परीक्षा केंद्र के ठीक बाहर खड़ी एक कार में बैठकर पेपर सॉल्व कर रही थीं। शिक्षा बोर्ड चेयरमैन के स्पेशल दस्ते रैपिड एक्शन फोर्स ने मौके पर छापा मारकर तीनों महिला टीचरों को रंगे हाथों पकड़ लिया। इसके बाद उन्हें परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाया गया। आरोपी टीचर मोबाइल की मदद से प्रश्न पत्रों को हल कर रही थीं। ये तीनों टीचर एक ही निजी स्कूल की हैं, जिनके छात्र उसी केंद्र के अंदर परीक्षा दे रहे थे। टीम ने इनके मोबाइल और पर्चियां बरामद की हैं।

### केंद्र अधीक्षक बोले- मोबाइल में पर्ची मिली

कटवाल में परीक्षा केंद्र के अधीक्षक जसबीर सिंह के अनुसार, 6 मार्च को 12वीं की परीक्षा थी। 2:50 बजे के करीब सेंटर से 300 दूर से चेयरमैन की आरएएफ टीम की ओर से 3 महिलाओं को पकड़ कर लाया गया। मोबाइल में व्हाट्सएप पर हैंड रीटन पर्चियां मिली।

**ये पर्यवेक्षक हटाए**
पटौदी (पंचगांव केंद्र) पर वरुण यादव (टीजीटी), रणजीत सिंह (टीजीटी), बरवाला-01 केंद्र से जसविंदर सिंह (पीटीआई), गुरुग्राम (नथुपुर केंद्र): अजय कुमार (टीजीटी), फरमाना-03 केंद्र: अनिल कुमार (पीटीआई) और सोमबीर सिंह मलिक (पीआरटी), पाडला (कैथल) से नरेश कुमार (टीजीटी) को हटाया गया है।

### अब 6 साल के बच्चों का ही होगा दाखिला

**भिवानी।** हरियाणा में पहली कक्षा में दाखिले के लिए अब बच्चे की उम्र कम से कम 6 वर्ष होनी चाहिए। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत यह बदलाव किया गया है। जिसके लिए आदेश जारी हो गए है। 1 अप्रैल से शुरू होने वाले नए शैक्षणिक सत्र में यह नियम लागू होगा। इससे पहले शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए न्यूनतम आयु सीमा साढ़े 5 साल की गई थी। हालांकि नई शिक्षा नीति लागू करने के लिए प्रतिवर्ष 6 माह की बढ़ोतरी की गई है।

## सोनीपत में घर खरीदारों से धोखाधड़ी 206.40 करोड़ की संपत्ति अटैच

**ईडी की कार्रवाई**
कमासपुर में 8.3 एकड़ जमीन व कमर्शियल यूनिट्स पर कार्रवाई

**सोनीपत (हरिभूमि न्यूज)।** ईडी की गुरुग्राम शाखा ने शुक्रवार को सोनीपत में बड़ी कार्रवाई की है। ईडी ने होमबायर्स से कथित धोखाधड़ी व मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में सोनीपत के कमासपुर क्षेत्र में स्थित करीब 206.40 करोड़ रुपये मूल्य की संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच किया है। यह कार्रवाई पीएमएलए 2002 के तहत की गई। 26 एफआईआर व चार्जशीट के आधार पर कमासपुर में 8.3 एकड़ जमीन व कमर्शियल यूनिट्स पर यह कार्रवाई की गई है। यह संपत्तियां कंपनी व उससे जुड़ी सहयोगी कंपनियों के नाम पर हैं।

**प्रोजेक्ट में 16 से 18 साल तक की देरी**
कंपनी, उसके प्रमोटर्स, प्रबंधन से जुड़े लोगों ने तय समय में फ्लैट व प्लॉट न देकर होमबायर्स के साथ धोखाधड़ी की। कुछ प्रोजेक्ट्स में तो 16 से 18 साल की देरी हुई है। यह मामला टीडीआई इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (पहले इंटाइम प्रमोटर्स प्राइवेट लिमिटेड) से जुड़ा है। ईडी ने जांच दिल्ली पुलिस व आर्थिक अपराध शाखा की ओर से दर्ज 26 एफआईआर व चार्जशीट के आधार पर की।

**23 परियोजनाएं शुरू की**
कंपनी ने सोनीपत में 23 आवासीय व व्यावसायिक परियोजनाएं शुरू की थीं, जिन्हें वर्ष 2005 से 2014 के बीच लॉन्च किया गया। इन प्रोजेक्ट्स के लिए कंपनी पर 14105 ग्राहकों से एडवांस बुकिंग के रूप में करीब 4619.43 करोड़ रुपये एकत्रित करने का आरोप है। चार प्रोजेक्ट्स के लिए अभी तक ऑक्युपेशन सर्टिफिकेट जारी नहीं हुआ, जबकि पार्क स्ट्रीट प्रोजेक्ट अधूरा है। इससे खरीदारों को समय पर फ्लैट या प्लॉट का कब्जा नहीं मिल पाया।

## सुखोई क्रैश में रोहतक के स्क्वाड्रन लीडर अनुज समेत दो पायलट शहीद

**फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश ऑपरेशन सिंदूर का हिस्सा थे**
•
**जोरहाट से 60 किमी दूर हादसा**
•
**फाइटर जेट नियमित उड़ान पर था**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली/रोहतक

असम के कार्बी आंगलोंग इलाके में ट्रेनिंग के दौरान रडार से गायब हुआ भारतीय वायु सेना का सुखोई फाइटर जेट क्रैश हो गया है। हादसे में दोनों पायलट रोहतक के स्क्वाड्रन लीडर अनुज और नागपुर के फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर की भी मौत हो गई है। पूर्वेश ऑपरेशन सिंदूर का भी हिस्सा थे। वायुसेना ने देर रात क्रैश की पुष्टि की थी। शुक्रवार सुबह 9.14 पर एक और एकेस पोस्ट में दोनों पायलट की मौत की जानकारी दी। विमान ने जोरहाट एयरबेस से उड़ान भरी थी।



स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पूर्वेश दुरागकर।

### अनुज की शादी की तैयारियां चल रही थीं

*अनुज वशिष्ठ के मामा चंद्रप्रकाश भारद्वाज ने कहा कि अनुज की शादी की तैयारी घर में जोर-शोर से चल रही थी। रिश्तेदारों का आना-जाना लगा हुआ था और परिवार के सदस्य शादी की तैयारियों में व्यस्त थे। अनुज वशिष्ठ गुरुग्राम के सेक्टर-22 में रहते थे। मूल रूप से रोहतक ककराना के रहने वाले थे।*


## लड़कियों को स्कूल बैग फेंकते दिखाया, गंदे शब्दों का इस्तेमाल किया

# टटिहरी सॉन्ग पर विवादों में फंसे रैपर बादशाह, जींद-पंचकूला में एफआईआर

### महिला आयोग की चेयरमैन ने दिए समन भेजकर पेश होने के आदेश

*शिकायतकर्ता ने कहा, गाने में आपत्तिजनक शब्दों और अशोभनीय इशारों का इस्तेमाल किया गया है। ऐसी सामग्री बच्चों और युवाओं के मन पर नकारात्मक प्रभाव डालेगी और समाज में गलत सोच को बढ़ावा देगी।*

**चंडीगढ़/जींद (ब्यूरो)।** रैपर आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया उर्फ बादशाह नए विवाद में फंस गए हैं। बादशाह के भद्दे बोल के खिलाफ जींद व पंचकूला सेक्टर-20 स्थित साइबर क्राइम थाने में एफआईआर दर्ज हुई है। सोशल मीडिया और ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर प्रसारित हो रहे गाने "टटिहरी" में अश्लीलता और महिलाओं के अपमान का आरोप है। शिकायतकर्ता का कहना है कि गाने में आपत्तिजनक शब्दों और अशोभनीय इशारों का इस्तेमाल किया गया है। इस तरह की सामग्री बच्चों और युवाओं के मन पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकती है और समाज में गलत सोच को बढ़ावा दे सकती है।



### यह है पूरा विवाद

बादशाह का नया हरियाणवी गाना 'टटिहरी' रिलीज हुआ। गाने में कुछ बोल और सीन हैं जिन पर कड़ी आपत्ति जताई। आयोग और लोगों का मानना है कि इससे महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंच रही है। गाने को लेकर 6 मार्च को जारी किए समन के अनुसार, मामले में बादशाह (आदित्य प्रतीक सिंह सिसोदिया) को प्राइमरी रिस्पोंडेंट बताया है। वहीं शिकायत में यह भी कहा गया है कि गाने में लड़कियों को स्कूल यूनिफॉर्म में दिखाकर स्कूल जैसे माहौल को अलग तरीके से प्रस्तुत किया गया है, जो महिलाओं की गरिमा के खिलाफ है।

**महिला आयोग भी सख्त** : तनाव और लोगों की प्रतिक्रिया को देखते हुए महिला आयोग की चेयरमैन ने भी मामले पर संज्ञान लेकर बादशाह को समन भेज दिया है। साथ ही उसे आयोग के सामने पेश होकर पक्ष रखने के आदेश दिए हैं।

**मर्यादा में रहें गायक**
रैपर बादशाह के गाने में छोटी बच्चियों के लिए बेहद ही आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया है। इसके खिलाफ जब हमने सोशल मीडिया पर आवाज उठाई तो कई खाप-पंचायतों, किसान व अध्यापक संगठनों के अलावा कई वर्गों का समर्थन मिला। सभी गायकों को मर्यादा में रहकर स्वस्थ मनोरंजक कंटेंट तैयार करना चाहिए। *- सुमित मकड़ौली, पूर्व सरपंच, मकड़ौली खुर्द, रोहतक*



**खबर संक्षेप**

## बिना विकास कार्य के प्लॉट की ई-नीलामी करना गंभीर चूक

**चंडीगढ़।** हरियाणा राइट टू सर्विस कमीशन ने एक महत्वपूर्ण मामले में टिप्पणी करते हुए कहा है कि हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण द्वारा किसी स्थान पर विकास कार्य पूरे किए बिना प्लॉट की ई-नीलामी करना अत्यंत गंभीर प्रशासनिक चूक है। आयोग ने कहा कि किसी भी प्लॉट को ई-नीलामी में डालने से पहले उस क्षेत्र के आवश्यक विकास कार्य पूरे होने चाहिए ताकि आवंटी समय पर निर्माण कार्य शुरू कर सकें। प्रवक्ता ने बताया कि यह मामला फरीदाबाद के सेक्टर-76/77 में ई-नीलामी के माध्यम से खरीदे गए प्लॉट से संबंधित है, जिसमें आवंटी केशव शर्मा ने आयोग के समक्ष शिकायत दर्ज करवाई थी कि विकास कार्य अधूरे होने के बावजूद उन्हें कब्जे का प्रस्ताव भेज दिया गया।

## इंडिया इंटरनेशनल डिस्प्यूट्स वीक आज से

**चंडीगढ़।** हाई कोर्ट के तत्वावधान में कल 7 से 11 मार्च 2026 तक चंडीगढ़ में प्रथम इंडिया इंटरनेशनल डिस्प्यूट्स वीक 2026 का आयोजन किया जाएगा जिसमें देश-विदेश के न्यायिक और कानूनी क्षेत्र से जुड़े प्रमुख विशेषज्ञ भाग लेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि उक्त कार्यक्रम में भारत के उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सहित सुप्रीम कोर्ट के अन्य न्यायाधीश, विभिन्न उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीश एवं न्यायाधीश शामिल होंगे।

## सीडीसी पदों को लेकर दिशा निर्देश जारी

**चंडीगढ़।** सरकार ने मॉडल ऑनलाइन ट्रांसफर पॉलिसी के अंतर्गत आने वाले कैडरों में करंट ड्यूटी चार्ज (सीडीसी) पदों के संबंध में स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए हैं। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा इस संबंध में सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों तथा बोर्डों, निगमों और सार्वजनिक उपक्रमों के प्रबंध निदेशकों/मुख्य प्रशासकों/मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को पत्र जारी किया गया है। जारी निर्देशों के अनुसार, किसी कर्मचारी द्वारा वर्तमान में करंट ड्यूटी चार्ज (सीडीसी) के रूप में संभाला जा रहा पद स्थानांतरण प्रक्रिया के लिए रिक्त माना जाएगा। इस पर स्थानांतरण किए जाएंगे।

### बजट सत्र के नौवें दिन की कार्यवाही : प्रश्नकाल व शून्यकाल में विधायकों ने उठाए कई मुद्दे

# कानून व्यवस्था, खनन और कृषि से जुड़े मुद्दों पर सत्ता पक्ष व विपक्ष में नोकझोंक

योगेंद्र शर्मा ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा विधानसभा बजट सत्र के नौवें दिन की कार्यवाही के दौरान प्रश्नकाल, शून्यकाल के दौरान विपक्ष ने एक बार फिर से कानून व्यवस्था, खनन, स्वास्थ्य विभाग व कृषि से जुड़े मामले उठाए। इसी तरह से शून्यकाल के दौरान भी विपक्ष खासतौर पर कांग्रेस की ओर से जमकर हमले बोले गए और सत्ता पक्ष के सदस्यों के साथ में कई विषयों को लेकर तीखी नोकझोंक हुई। इसके अलावा गन्ना किसानों के सामने पेश आ रही दिक्कतों को लेकर ध्यानाकर्षण प्रस्ताव सत्तापक्ष की ओर से घनश्याम अरोड़ा लेकर आए। इसके अलावा सरकार पर सवाल खड़े कर रहे वरिष्ठ विधायक अशोक अरोड़ा को मंत्री रणबीर गंगवा ने टोका और कहा कि एक दौर में अरोड़ा और हम इनेलो में होते थे, जिस दौरान राज्यपाल को हुड्डा सरकार के विरुद्ध चार्जशीट सौंपी थी। बाद में चेयर पर उस वक्त बैठे डिप्टी स्पीकर कृष्ण मिढ़ा का नाम भी जुड़ गया। इस पर कृष्ण मिढ़ा चुटकी लेते हुए बोले मुझे यही अंदेशा था, मुझे भी लपेट दिया। सदन में रोहतक में प्राइम लोकेशन की एक जमीन को लेकर कांग्रेस के बीबी बतरा ने जमकर हमला बोला और इशारों ही इशारों में कहा कि जिस फर्म को यह जमीन औने पौने दामों पर दी जा रही है, उन सज्जन को भाजपा राज्यसभा में उम्मीदवार बना रही है। कुल मिलाकर इस दौरान मंत्री राव नरवीर सिंह,मंत्री कृष्ण पंवार, संसदीय कार्यमंत्री महिपाल ढांडा मंद मंद मुस्कुराकर पूरी बात सुनते रहे। मंत्री राव नरबीर ने कहा कि बाद में वे दस्तावेज उनके पास भेजे ताकि पूरा मामला दिखवाया जा सके।

## पलवल में स्वास्थ्य सेवाएं अपग्रेड : मुख्यमंत्री



मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि पलवल क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं की कोई कमी नहीं है। 200 बेड के जिला अस्पताल और 50 बेड के सब-डिविजनल अस्पताल के माध्यम से नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाई जा रही हैं। मुख्यमंत्री शुक्रवार को बजट सत्र में प्रश्नकाल के दौरान विधायक रघुबीर तेवतिया द्वारा पलवल और बल्लभगढ़ के बीच ट्रामा सेंटर बनाने जाने के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने ने कहा कि विधायक जिस स्थान की बात कर रहे हैं, उससे 500 मीटर दूरी पर 200 बेड का जिला अस्पताल, पलवल स्थित है। दूसरी तरफ केवल 2 किलोमीटर की दूरी पर 50 बेड का सब-डिविजनल अस्पताल भी स्थित है।

### फ्लाईओवर बनने से क्षेत्र में जाम की समस्या खत्म

विधायक द्वारा बताई गई ट्रैफिक जाम की स्थिति के संबंध में मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्तमान समय में पलवल में जाम की स्थिति नहीं है। पहले जाम की समस्या होती थी, लेकिन अब फ्लाईओवर बनने के बाद यातायात व्यवस्था काफी सुगम हो गई है। यातायात सुचारू रूप से चल रहा है।

### विपक्ष ने की बजट की आलोचना, सत्तापक्ष ने सराहा

शुक्रवार को सुबह 11 बजे प्रश्नकाल से सदन की शुरुआत हुई। एक घंटा प्रश्नकाल और उसके बाद में इतने ही वक्त के लिए शून्यकाल चला। शून्यकाल के दौरान भी कांग्रेस की बेंचो से विधायकों ने कानून व्यवस्था, किसानों, पीपीपी, कानून व्यवस्था अन्य मुद्दों पर हमले बोले। दो घंटे के बाद में बजट पर चर्चा की शुरुआत हुई। बजट की आलोचना और सरकार पर हमले हुए तो सत्ता पक्ष और विपक्ष के विधायकों में अच्छी खासी तू-तू मैं-मैं और नोकझोंक हुई। सभी विधायकों ने अपने विस के मुद्दों को सदन में उठाया। विधानसभा दोपहर भोज के बाद में चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक बीबी बत्रा ने सरकार और अफसरों पर घोटाले के आरोप मढ़ दिए। भाजपा विधायक विनोद भयाना पर चुटकी भी ली और कहा कि जमीन और कालोनी के मामले में भयाना सारा कुछ जानते हैं। विपक्ष की ओर से जब सदन में अवैध खनन का मामला उठाया गया और डाडम का नाम लिया, तो सत्तापक्ष की ओर से मंत्री कृष्ण पंवार के साथ में बहस हो गई। नेता विपक्ष भूपेंद्र सिंह हुड्डा उठे और कहा कि डाडम में जब हादसा हुआ और मजदूरों की मौत हुई, तो वे खुद वहां पर गए थे। बीबी बतरा ने मंत्री को वहां पर विजिट करने की अपील की।

### रोहतक में 18 एकड़ भूमि का मामला भी उठा

बत्रा ने कहा रोहतक में 18 एकड़ जमीन के मामले में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। सभी ने आंखे बंद कर ली हैं। बीबी बत्रा ने कहा सरकार ने मामले में कोई अपील एनसीएलटी में अपीलेट अथारिटी में नहीं की इसके पीछे क्या कारण है। उन्होंने रोहतक से संबंध रखने वाले एक राज्यसभा में उम्मीदवार बनाए गए प्रत्याशी का उल्लेख भी किया, उनकी कंपनी शिवालय कंस्ट्रक्शन का नाम भी लिया।

### भर्ती रोको गैंग के आरोप पर जमकर बहस

जब कांग्रेस की ओर से भर्तियों को लेकर सवाल खड़े किए गए और भाजपा के विधायकों ने सरकार के कामकाज की तारीफ की, तो मंत्री रणबीर गंगवा और कांग्रेस सदस्यों में बह हो गई। भाजपा की ओर से आरोप लगाया गया कि विपक्ष ने एक भर्ती रोको गैंग बना रखा है। गंगवा और अशोक अरोड़ा के बीच इस दौरान जमकर बहस हुई। जिस पर कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा ने चुटकी ली और कहा कि अब कांग्रेस के विधायक अशोक अरोड़ा एक दौर में इनेलो प्रदेश अध्यक्ष होते थे और हुड्डा सरकार के कार्यकाल की 300 पेज की चार्जशीट राज्यपाल को सौंपी गई ती। अरोड़ा ने कहा 11 साल से बीजेपी की सरकार है, अब पूर्व की सरकार की नहीं।

### कर्ज का मुद्दा गरमाया

मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि हुड्डा सरकार में गुरुग्राम के मास्टर प्लान में अधिग्रहण हुआ, लेकिन पैसे किसानों को देकर नहीं गए। बीबी बत्रा ने कहा कि रेवेन्यू डेफिसिट को सरकार नहीं बता रही है। लगातार कर्ज बढ़ रहा है और 2 लाख 23 हजार 658 करोड़ के बजट में कैपिटल एक्सपेंडिचर के लिए कुल करीब दस फीसदी है।

## मुख्यमंत्री ने सिंगापुर के उद्यमियों को निवेश के लिए आमंत्रित किया



**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शुक्रवार को सिंगापुर इंडिया बिजनेस फोरम अध्यक्ष प्रसून मुखर्जी ने मुलाकात की। इस दौरान हरियाणा में औद्योगिक निवेश, व्यापारिक सहयोग और सिंगापुर की कंपनियों के लिए उपलब्ध अवसरों को लेकर विस्तार से चर्चा हुई। मुख्यमंत्री नायब सैनी ने सिंगापुर इंडिया बिजनेस फोरम और सिंगापुर के निवेशकों को हरियाणा में निवेश करने के लिए आमंत्रित किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा देने तथा निवेशकों को अनुकूल माहौल प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। सरकार पारदर्शी नीतियों, सरल प्रक्रियाओं और बेहतर बुनियादी ढांचे के माध्यम से निवेश को प्रोत्साहित कर रही है।

## नहीं काटी जाएगी पात्र लाभार्थियों की पेंशन जिला स्तरीय कमेटियां करेंगी सुनवाई

■ सामाजिक न्याय मंत्री ने बाढड़ा विधायक के प्रश्न पर दी जानकारी

**चंडीगढ़।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा है कि पेंशन कटने से लेकर खातों में नहीं पहुंचने संबंधी समस्त विवादों के समाधान के लिए राज्य सरकार ने प्रत्येक जिले में एडीसी की अध्यक्षता में कमेटियों का गठन कर दिया है।

इन कमेटियों के माध्यम से समस्त विवादों का समाधान त्वरित तरीके से किया जा रहा है। शुक्रवार को बाढड़ा के भाजपा विधायक उमेद पातुवास ने प्रश्नकाल के दौरान सरकार से पूछा कि बुढापा पेंशन के लिए पात्रता निर्धारित करते समय परिवार की आय सम्मिलित करने के कारण कई वरिष्ठ नागरिकों की पेंशन बंद हो गई है। इस कारण उन्हें दिक्कत आ रही है। क्या सरकार वरिष्ठ नागरिकों की बंद हुई पेंशन को बकाया और ब्याज के साथ बहाल करेगी। अंबाला के कांग्रेस विधायक निर्मल सिंह ने भी सदन में यही सवाल लगाया, जिसके चलते स्पीकर हरविन्द्र कल्याण ने दोनों सवालों को आपस में क्लब कर दिया।

### भाजपा और कांग्रेस में मिलीभगत : ढांडा

# राज्यसभा चुनाव में फिर से निर्दलीय को जिताने की तैयारी



**चंडीगढ़।** हरियाणा में होने वाले राज्यसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी अनुराग ढांडा ने बीजेपी और कांग्रेस के बीच कथित अंदरूनी सेटिंग पर बड़ा सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की जनता को 2016 और 2022 के राज्यसभा चुनाव अच्छी तरह याद हैं, जब कांग्रेस के पास पर्याप्त संख्या होने के बावजूद भाजपा समर्थित निर्दलीय उम्मीदवार राज्यसभा पहुंच गए थे। अब एक बार फिर राज्यसभा चुनाव से पहले वही राजनीतिक समीकरण दिखाई दे रहे हैं, जिससे साफ संकेत मिलता है कि भाजपा और कांग्रेस के बीच पर्दे के पीछे राजनीतिक समझौता चल रहा है। ढांडा ने कहा कि हरियाणा की राजनीति में बीजेपी और कांग्रेस जनता के सामने विरोध का नाटक करती हैं, लेकिन असलियत में दोनों पार्टियां एक-दूसरे को राजनीतिक फायदा पहुंचाने का काम करती रही हैं। राज्यसभा चुनाव इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जहां कांग्रेस की संख्या होने के बावजूद निर्दलीय उम्मीदवारों का राज्यसभा पहुंचना अपने आप में कई सवाल खड़े करता है।

## पोर्टल पर अनुबंधित कर्मचारियों का डाटा अपडेट करने के निर्देश

**चंडीगढ़।** सरकार ने राज्य के सभी विभागों को सेवा सुरक्षा पोर्टल पर अनुबंध कर्मचारियों के डाटा को तत्काल अपडेट और सत्यापित करने के निर्देश जारी किए हैं। यह कदम हरियाणा अनुबंध कर्मचारी (सेवा सुरक्षा) अधिनियम, 2024 और नियम, 2025 का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। मानव संसाधन विभाग द्वारा जारी निर्देशों में बताया गया है कि अनुबंध कर्मचारियों के डाटा में कई तरह की अनियमितताएं सामने आ रही हैं। इनमें ओटीपी प्राप्त करने में समस्या, मोबाइल नंबर गलत होना या बदल जाना, परिवार पहचान पत्र (फैमिली आईडी) में त्रुटियां तथा कर्मचारियों और आहरण एवं वितरण अधिकारियों (डीडीओ) के विवरण का सही ढंग से पोर्टल पर दर्ज न होना शामिल है। सरकार ने इन अनियमितताओं को गंभीरता से लिया है।

**माइक्रो-इरिगेशन को बढ़ावा दिया जाए**

# औषधीय पौधों की खेती के लिए किसानों को प्रोत्साहित करें

■ मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**चंडीगढ़।** मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अधिकारी प्रदेश में मेडिसिनल और एरोमैटिक पौधों की खेती के प्रति किसानों को प्रोत्साहित करें ताकि कम कृषि भूमि में किसान अधिक आमदनी कर सकें। उन्होंने माइक्रो-इरिगेशन को बढ़ावा देकर पानी की बचत करने के लिए भी किसानों में जागरूकता पैदा करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री शुक्रवार यहां हरियाणा किसान कल्याण प्राधिकरण की रिपोर्ट ऑफ वर्किंग ग्रुप ऑन प्रमोशन ऑफ़ मेडिसिनल एंड एरोमेटिक प्लांट्स इन हरियाणा तथा रिपोर्ट ऑन वर्किंग ग्रुप ऑन प्रमोशन ऑफ़ माइक्रो इरिगेशन इन हरियाणा का विमोचन कर रहे थे।

### खरीफ फसलों के लिए मूल्य नीति पर बैठक



इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने खरीफ फसलों के लिए मूल्य नीति निर्धारण पर आयोजित बैठक ( विपणन सत्र 2026 -27) की अध्यक्षता भी की और इस संबंध में प्रस्ताव तैयार करके केंद्र सरकार को भेजने के निर्देश दिए।

**जड़ी-बूटियों के निर्यात में अपार संभावनाएं** : मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत दुनिया के सबसे बड़े मेडिसिनल जड़ी-बूटियों के निर्यातकों में शामिल है और इस क्षेत्र में हरियाणा भी अपनी रणनीतिक स्थिति और मजबूत कृषि ढांचे के कारण महत्वपूर्ण योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि यदि राज्य में मेडिसिनल और एरोमैटिक पौधों को टिकाऊ और योजनाबद्ध तरीके से बढ़ावा दिया जाए तो यह क्षेत्र किसानों और उद्यमियों के लिए बड़े आर्थिक अवसर पैदा कर सकता है। इस मौके पर वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## सांसद खेल महोत्सव की स्मरणिका का विमोचन

**चंडीगढ़।** राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने वीरवार को सिरसा लोकसभा क्षेत्र के सांसद खेल महोत्सव से जुड़ी स्मरणिका का संयुक्त रूप से विमोचन किया। सांसद खेल महोत्सव का आयोजन 21 सितंबर से 25 सितंबर, 2025 तक किया। राज्यसभा सांसद सुभाष बराला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की खेलों के प्रति समर्पण की भावना और उभरते खिलाड़ियों को एक बड़ा मंच उपलब्ध करवाने के उनके ध्येय के अनुसार लगातार सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में खेल भारत में पहली बार केवल पदक या प्रदर्शन तक सीमित नहीं रहे, बल्कि युवा विकास और राष्ट्र निर्माण की राष्ट्रीय नीति का हिस्सा बने हैं।

## सार्वजनिक सूचना

सं. 231 दिनांक 05.03.2026

आमजन को एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि कार्यकारी अभियंता, जिला परिषद रोहतक के कार्यालय द्वारा जारी शुद्धिपत्र पत्र सं. 191 दिनांक 26.02.2026 को वापस लेने के लिए जिला परिषद, रोहतक के सदस्यों द्वारा एक अभ्यावेदन जमा करवाया गया है।

उक्त शुद्धिपत्र ने विकास कार्यों के निष्पादन में कठिनाईयां पैदा कर दी और बड़े सार्वजनिक हित में माननीय जिला परिषद सदस्यों द्वारा चिंताएं व्यक्त की गई हैं।

इसलिए, सक्षम प्राधिकारी से विकास कार्यों और सार्वजनिक कल्याण के सुचारू क्रियान्वयन के हित में शुद्धिपत्र पत्र सं. 191 दिनांक 26.02.2026 को वापस लेने का आग्रह किया जाता है।

अतः, शुद्धिपत्र पत्र सं. 191 दिनांक 26.02.2026 को सार्वजनिक हित के लिए वापस लिया जाता है।

हस्ता/- कार्यकारी अभियंता, (जैडपी)
जिला परिषद, रोहतक

पीआरडीएच-1028/11/188/2026/43577/88/6 दि. 06.03.26

## पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास
### रोहतक रोड, भिवानी, हरियाणा-127021

शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु अंशकालिक संविदा आधारित शिक्षकों के पैनल तैयार करने के लिए साक्षात्कार का आयोजन दिनांक 19 मार्च 2026 (वीरवार) को किया जायेगा। साक्षात्कार का कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

| पद | विषय |
|---|---|
| स्नातकोत्तर शिक्षक | अंग्रेजी, हिंदी, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, संगणक, अर्थशास्त्र, वाणिज्य |
| प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक | अंग्रेजी, हिंदी, संस्कृत, सामजिक विज्ञान, विज्ञान, गणित |
| प्राथमिक शिक्षक | कें. वि.सं. के नियमानुसार |
| विशेष शिक्षक | कें. वि.सं. के नियमानुसार |
| विविध शिक्षक | योग शिक्षक, नर्स, संगणक अनुदेशक, व्यावसायिक अनुदेशक, काउंसलर, खेल शिक्षक |

**स्थान :-** पी एम श्री केंद्रीय विद्यालय पालुवास, भिवानी
**साक्षात्कार तिथि :-** 19 मार्च 2026
**समय :-** प्रातः 8 बजे
**दस्तावेज जांच :-** प्रातः 8 बजे से 10 बजे तक
**साक्षात्कार :-** प्रातः 10 बजे से 01 बजे तक

**महत्वपूर्ण निर्देश :-**

1. सभी पद पूर्णत अंशकालिक एवं अनुबंध आधारित हैं एवं किसी भी अभ्यर्थी को नियमित नियुक्ति का अधिकार नहीं होगा ।
2. उम्मीदवारों को विद्यालय की वेबसाइट से आवेदन पत्र डाउनलोड करना है और साक्षात्कार के समय सभी प्रासंगिक दस्तावेजों की स्व-सत्यापित प्रतियां, योग्यता और अनुभव से संबंधित मूल प्रमाण पत्र और एक नवीनतम पासपोर्ट आकार की फोटो साथ लानी है।
3. सभी पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता और संबंधित पदों के लिए वेतन केवीएस मानदंडों (www.kvsangathan.nic.in) के अनुसार होगा।
4. दस्तावेज सत्यापन के दौरान उम्मीदवार द्वारा दी गई कोई भी गलत जानकारी, उनकी उम्मीदवारी को तत्काल रद्द कर देगी। इसके लिए उम्मीदवार पूरी तरह से जिम्मेदार होगा।
5. साक्षात्कार में शामिल होने के लिए उम्मीदवार को कोई यात्रा भत्ता या अन्य भत्ता नहीं दिया जाएगा।
6. अधिक जानकारी के लिए कृपया विद्यालय की वेबसाइट https://paluwas.kvs.ac.in/ पर जाएं।

हस्ता/- (मोहिन्दर सिंह) प्राचार्य,
पीएम श्री केन्द्रीय विद्यालय पालुवास भिवानी-127021

## सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को इस नोटिस के द्वारा सूचित किया जाता है कि मेरे मुव्वकिल के द्वारा निम्न कृषि भूमि का तबादलानामा प्रस्तावित है :-

**SW/BSO/679+680**

हमकि अजय – विनोद पुत्रान महेन्द्र सिहं पुत्र भीमसिहं उर्फ भूपसिहं, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे जमाबन्दी वर्ष 2023–24 व इंतकाल न0 11449 त0म0, के अनुसार खेवट न0 2277/1944, खाता न0 2352, मु0 न0 288, किला न0 21/1(7–11), मु0 न0 289, किला न0 24/2 (3–4), 25/2/1(7–3), मु0 न0 304, किला न0 5/1(7–4), 6/2(7–4), 15/1(2–0), किते 6, तादादी रकबा 34 कनाल 6 मरले सालम भाग व खेवट न0 2280मिन/1947, खाता न0 2355 मिन, मु0 न0 288, किला न0 21/2(0–9), मु0 न0 289, किला न0 25/2/2 (0–0), मु0 न0 304, किला न0 5/2(0–8), 6/1(0–8), किते 4, तादादी रकबा 1 कनाल 5 मरले का 1/2 भाग, बकदर 0 कनाल 12.5 मरले व खेवट न0 2281/1948, खाता न0 2356, मु0 न0 252, किला न0 26(1–0), किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 0 मरले का 1/30 भाग, बकदर 0 कनाल 0.66 मरला, उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 34 कनाल 19.16 मरले (4.36975 एकड़) (जिसमें अजय – विनोद हर दो समभाग) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं। जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 288, किला न0 21/1(7–11), मु0 न0 289, किला न0 24/2(3–4), 25/2/1(7–3), मु0 न0 304, किला न0 5/1(7–4), 6/2(7–4), 15/1(2–0), किते 6, तादादी रकबा 34 कनाल 6 मरले व खेवट न0 2280मिन/1947, खाता न0 2355 मिन, किते 4, तादादी रकबा 1 कनाल 5 मरले का 1/2 भाग, बकदर 0 कनाल 12.5 मरले व खेवट न0 2281/1948, खाता न0 2356, किता 1, तादादी रकबा 1 कनाल 0 मरले का 1/30 भाग, बकदर 0 कनाल 0.66 मरला, उपरोक्त कुल तादादी रकबा 34 कनाल 19.16 मरले (4.36975 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

**SW/BSO/731**

हमकि (1) अरविन्द कुमार उर्फ अरविन्द गुलिया (2) अरूण (3) अभिषेक पुत्रान जयपाल सिहं पुत्र ब्रहमसिहं उर्फ ब्रहमासिहं, निवासीगण एवं बिस्वेदारान गांव बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर (हरियाणा) में अराजी बरूवे इन्द्राज जमाबन्दी वर्ष 2023–24, के अनुसार अराजी खेवट न0 1010मिन/866, खाता न0 1046मिन, मु0 न0 250, किला न0 5/1(3–9), 5/2(4–11), किते 2, तादादी रकबा 8 कनाल 0 मरला सालम भाग (जिसमें अरविन्द कुमार उर्फ अरविन्द गुलिया – अरूण – अभिषेक हर तीन समभाग) व खेवट न0 1011/867, खाता न0 1047, मु0 न0 250, किला न0 6/1(6–8), किता 1, तादादी रकबा 6 कनाल 8 मरले का 23/32 भाग, बकदर 4 कनाल 12 मरले (जिसमें अरविन्द कुमार उर्फ अरविन्द गुलिया 5/96 भाग व अरूण – अभिषेक हर दो समभाग 2/3 भाग) व खेवट न0 2591/2215, खाता न0 2675, मु0 न0 250, किला न0 6/2/1(0–2), किता 1, तादादी रकबा 0 कनाल 2 मरले सालम भाग (जिसमें अरविन्द कुमार उर्फ अरविन्द गुलिया मालिक व काबिज है), उपरोक्त सभी खेवटों से कुल तादादी रकबा 12 कनाल 14 मरले (1.5875 एकड़) वाका रकबा मौजा बादली, तहसील बादली, जिला झज्जर के मालिकान व काबिजान हैं जिसका तबादला प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल के साथ किया जा रहा है तथा प्रथम पक्षगण द्वारा मेरे मुव्वकिल को मु0 न0 250, किला न0 5/1(3–9), 5/2(4–11), 6/1 मिन उत्तर (4–12), 6/2/1(0–2), किते 4, तादादी रकबा 12 कनाल 14 मरले (1.5875 एकड़) पर कब्जा दिया जा रहा है।

अतः यदि कोई भी व्यक्ति जो उपरोक्त भूमि में मुखलफाना हक, स्वामित्व, कब्जा या अन्य कोई सम्बन्ध रखता है या किसी को इस तबादलानामा पर कोई ऐतराज है तो वह व्यक्ति उपरोक्त भूमि में अपने हक, दावे सम्बन्धी जरूरी दस्तावेजों व साक्ष्य सहित इस विज्ञप्ति के प्रकाशित होने के 14 दिन के अन्दर अधोहस्ताक्षरित से सम्पर्क करे या भेजे, अन्यथा यह माना जायेगा कि कोई भी व्यक्ति उपरोक्त भूमि में कोई दावा, हक, स्वामित्व, कब्जा या किसी प्रकार का अन्य कोई सम्बन्ध नहीं रखता और मेरा मुव्वकिल उक्त अराजी के तबादले से सम्बन्धित अग्रिम सभी कार्यवाही करेगा।

दिनांक : 06.03.2026

विनय कुमार सैनी
एडवोकेट,
द्वितीय तल, म0 नं0–285, सैक्टर–14,
गुरूग्राम – 122001
Mobile : 9810203697
E-mail : svkggn@yahoo.com

Government of India
Ministry of Culture

## प्रधानमंत्री संग्रहालय एवं पुस्तकालय
### तीन मूर्ति भवन, नई दिल्ली-110011

### श्री रामायण और श्री राम से सम्बन्धित प्राचीन पांडुलिपियों को भेंट करने के लिए आमंत्रण

**रामायण पांडुलिपियों का एक राष्ट्रीय संग्रह** स्थापित करने का प्रस्ताव किया गया है।

इस संदर्भ में, व्यक्तिगत विद्वान, पारंपरिक परिवार, मठ, आश्रम, पुस्तकालय, विश्वविद्यालय, सरकारी संस्थान, देश भर के ट्रस्ट और निजी संग्रहकर्ताओं को रामायण की प्राचीन और दुर्लभ पांडुलिपियों, जो निम्नलिखित में संकलित की गई हैं, को **डोनेट** करने अथवा पेश करने के लिए सादर आमंत्रित किया जाता है :

- संस्कृत और अन्य भारतीय भाषाएँ
- पारंपरिक भारतीय लिपियों *(ब्राह्मी, देवनागरी, ग्रंथ, सारदा, नंदीनागरी, बंगाली, ओडिया, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, तमिल, गुजराती, मोदी लिपि इत्यादि)* में लिखी गई हैं।

पांडुलिपियों में शामिल हो सकते हैं, परन्तु इन्हीं तक सीमित नहीं हैं : वाल्मीकि रामायण, क्षेत्रीय पाठ (पढ़ना) और संस्करण, कमेंट्री, सब-कमेंट्री, और सहायक मूल पाठ और ताड़ के पत्ते या कागज पर बनी तस्वीरों वाली पांडुलिपियां।

यह पवित्र पहल आने वाली पीढ़ियों के लिए रामायण की हमेशा रहने वाली विरासत को बचाकर रखने की कोशिश है।

डोनर निम्नलिखित विवरण सहित डोनेट करने के लिए इच्छा पहले बताएगा :

ए) पांडुलिपि का शीर्षक (यदि उपलब्ध हो)
बी) पांडुलिपि की आयु (यदि सम्भव हो) अथवा लगभग।
सी) पांडुलिपि की स्क्रिप्ट/लिपि
डी) पांडुलिपि का वस्तु आकार अर्थात कागज, पत्ता इत्यादि।
ई) वीडियो सैंपल प्राथमिकता प्रथम और अन्तिम पृष्ठ के साथ-साथ कलर फोटोग्राफ।
एफ) आकार और फोलियो नंबर इत्यादि (लगभग)

**टिप्पणी : कोई भी प्रकाशित सामग्री स्वीकार नहीं की जाएगी।**

**इच्छुक योगदानकर्ता संपर्क कर सकते हैं :**

श्री संजीब कुमार सिंह, निदेशक, अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय
डाक पता : अंतर्राष्ट्रीय राम कथा संग्रहालय, श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र, नयाघाट, अयोध्या - 224123 यूपी
मोबाइल : 9968275856, लैंडलाइन : 05278297215
ईमेल: kumarsinghsanjib@yahoo.co.in, ramkathamuseum2023@gmail.com

CBC-09142/12/0063/2526

## हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | गुरूग्राम जिले में सीएचसी घंघोला में सम्मेलन कक्ष और जैव चिकित्सा अपशिष्ट कक्ष का निर्माण। | बंद होने की तिथि 11.03.2026 | 26.66 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1242322424 pwd-eepd1-gurgaon@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज फरीदाबाद | गांव फतेहपुर तग्गा ब्लॉक फरीदाबाद, जिला फरीदाबाद में त्यागी वाला बारात घर का निर्माण, एचजीवीवाई सीएम + 1 कार्य। | 05.03.2026 12.03.2026 | 100 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9467905067 prexeeng.fbd1@gmail.com |
| 3 | पंचायती राज कुरुक्षेत्र | बुधा - गांव बुधा ब्लॉक लाडवा, जिला कुरुक्षेत्र में मिनी बैंक से एससी धर्मशाला और बालक राम के मकान तक फिरनी का निर्माण + 7 कार्य। | 05.03.2026 19.03.2026 | 217.88 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896224357 prexeeng.krk@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज ढाण्ड | गांव फरल में चारदिवारी, मिट्टी भराई और पार्क के फुटपाथ का निर्माण, सी.एम. घोषणा + 4 कार्य। | 05.03.2026 11.03.2026 | 43.98 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416550000 sutharprithviraj1972@gmail.com |
| 5 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हिसार | राशि रु. 269.35 लाख के लिए ईओटी 5 टन क्रेन की आपूर्ति समेत ओ.पी. जिन्दल नलवा डिस्टी. पम्प हाउस को बदलने के लिए सभी एक्सेसरीज सहित वीटी पम्प्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन के लिए आकलन। | 05.03.2026 20.03.2026 | 269.35 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662239534 xenwsdmechhsr@gmail.com |
| 6 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा रोहतक | बी.एस.बी. पर ओ/एल आरडी 56372/एल पर क्षतिग्रस्त लाइन डब्ल्यू/सी की रिमॉडलिंग + 3 कार्य। | बंद होने की तिथि 17.03.2026 | 248.09 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9034106126 xenconst21@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in

पीआरडीएच-11/2026/120/43589/I/88/6 दि. 06.03.26

# विज के आदेश पर जेई पर केस दर्ज

- कष्ट निवारण समिति की बैठक में किसान ने ट्रांसफार्मर शिफ्ट करने के लिए जेई पर रिश्वत मांगने व मारपीट के लगाए थे आरोप, जांच के 22 दिन बाद आरोपी अधिकारी पर केस किया दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

ऊर्जा एवं परिवहन मंत्री की अध्यक्षता में हुई कष्ट निवारण समिति की बैठक में गांव सांघन के किसान की शिकायत आने के 22 दिन बाद पुलिस ने बिजली निगम के जेई के खिलाफ केस दर्ज किया है। मामले में मंत्री ने बैठक में दोनों पक्षों को सुनने के बाद जेई के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए थे। इसमें किसान ने बैठक में जेई पर ट्रांसफॉर्मर शिफ्ट करने के नाम पर रिश्वत मांगने और मारपीट करने के आरोप लगाए थे। समिति की बैठक में कैबिनेट मंत्री के सामने गांव सांघन निवासी मनजीत सिंह ने आरोप लगाया कि उसके खेत की खेवट नंबर 328 का ट्रांसफॉर्मर गलती से खेवट नंबर 327 में लगा दिया गया है। इस ट्रांसफॉर्मर को सही स्थान पर लगाने के लिए उसने कई बार सीएम विंडो और डीसी कार्यालय में शिकायत दी थी। आरोप है कि बिजली निगम के जेई राजबीर और एसडीओ अमनदीप ने ट्रांसफॉर्मर शिफ्ट करने के नाम पर 50 हजार रुपये लेबर खर्च के तौर पर मांगे। जब उसने पैसे देने से इनकार किया तो उसके दिव्यांग भाई अमनदीप उर्फ कोकी को खेत में बुलाकर मारपीट की और बिजली चोरी का केस लगाने की धमकी दी। यह भी आरोप लगाया था कि बाद में उसके भाई के खिलाफ पुलिस चौकी में शिकायत भी दी गई, लेकिन वे सही निकले।




## खबर संक्षेप

### मां काली के नाम पर नॉन-वेज स्टॉल पर बवाल, तोड़फोड़ की

**फरीदाबाद।** कथित हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने एक नॉनवेज स्टॉल लगाने वाले शख्स को धमकाते हुए उसकी रेहड़ी तोड़ डाली। इसका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना फरीदाबाद सेक्टर-11 की है। दरअसल यह पूरा विवाद एक नॉनवेज स्टॉल का नाम मां काली के नाम पर रखने के बाद से शुरू हुआ। खुद को हिंदू संगठन के सदस्य बताने वाले युवक स्टॉल पर पहुंचे और रेहड़ी वाले को दुकान का नाम बदलने के लिए धमकाने लगे। इस दौरान उन्होंने रेहड़ी पर लगा पोस्टर भी फाड़ डाला। तोड़फोड़ करने वालों में एक पलवल जिले के होडल उपमंडल का कामेडियन यूट्यूबर भी शामिल है। स्टॉल संचालक ने पुलिस को इस मामले में कोई शिकायत नहीं दी है। बताया जा रहा है कि स्टॉल संचालक भी हिंदू ही है। तोड़फोड़ करने वालों ने कहा कि रेहड़ी वाले को दो दिन पहले भी देवी का नाम हटाने की चेतावनी दी गई थी।

### चंडीगढ़ में 0001 नंबर 53.88 लाख में बिका

**चंडीगढ़।** ट्राईसिटी में एक बार फिर गाड़ियों के वीआईपी नंबरों का जुनून सिर चढ़कर बोला है। रजिस्ट्रिंग एंड लाइसेंसिंग अथॉरिटी यूटी चंडीगढ़ ने नई वाहन सीरीज "CH01-DD" के फैंसी और पसंदीदा नंबरों की ई-नीलामी 4 मार्च से 6 मार्च करवाई। कुल 591 वाहन नंबरों की बोली में करीब 4 करोड़ 48 लाख 87 हजार रुपये की आय हुई। नीलामी में सबसे ज्यादा बोली "CH01-DD-0001" नंबर के लिए लगी, जिसे 53 लाख 88 हजार रुपये में खरीदा गया। वहीं "CH01-DD-0003" नंबर 32 लाख 32 हजार रुपये में बिककर दूसरे स्थान पर रहा। इस ई-नीलामी में नई सीरीज के 0001 से 9999 तक के नंबर और पिछली सीरीज के बचे हुए फैंसी व खास नंबर भी शामिल किए गए थे।

### होली पर भैंसे को जबरन शराब पिलाई, केस दर्ज

**पानीपत।** नौल्था में होली के उत्सव के दौरान भीड़ द्वारा एक बेजुबान भैंसे को जबरन शराब पिलाने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। इसके बाद पशु अधिकार संगठन पीईटीए इंडिया ने मामले में कड़ा संज्ञान लिया है। संस्था की शिकायत पर इसराना थाना पुलिस ने गांव नौल्था निवासी कार्तिक खोखर के खिलाफ केस दर्ज किया है। शिकायतकर्ता ईशानी राठी ने पुलिस प्रशासन से आग्रह किया है कि पीड़ित भैंसे को उसके मालिकों से तुरंत जब्त किया जाए और उसे आवश्यक चिकित्सा उपचार प्रदान किया जाए।

## झज्जर अपरहण कांड : पीड़ित कॉलेज संचालक की गोशाला में काम करता था एक आरोपी

# दिव्यांग जूडो खिलाड़ी ने रची थी साजिश पांच करोड़ लेकर बच्चे को छोड़ा, 2 काबू

- बरानी गांव में रह रहे साले व दो अन्य साथियों के साथ मिलकर जूडो खिलाड़ी ने 8 वर्षीय बच्चे को उठाया था
- पुलिस 5 करोड़ रुपये की रिकवरी व दो अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी का कर रही प्रयास



बहादुरगढ़। एसटीएफ की गिरफ्त में अपहरण के आरोपी जीजा-साला।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

झज्जर जिले के बरानी गांव निवासी नर्सिंग कॉलेज संचालक के 8 वर्षीय बच्चे का अपहरण करने के बाद आरोपियों ने 5 करोड़ रुपये की फिरौती वसूली थी और उसके बाद ही बच्चे को छोड़ा था। रोहतक एसटीएफ ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य साजिशकर्ता जीजा-साले को गिरफ्तार कर लिया है। दोनों आरोपियों को काबू करने के बाद अब मामले की आगे की जांच बेरी थाना पुलिस द्वारा की जाएगी। एक आरोपी पीड़ित परिवार की गोशाला में ही काम करता था, जबकि दूसरा पैरा जूडो का इंटरनेशनल खिलाड़ी है। वह नेशनल से लेकर वर्ल्ड लेवल की प्रतियोगिता में खेल चुका है। अभी आरोपियों से पैसों की बरामदगी करनी है।

जानकारी के अनुसार, बुधवार 4 मार्च को बेरी थाना क्षेत्र में बरानी गांव से 8 वर्षीय बच्चे हुनरजीत का दिनदहाड़े अपहरण किया गया था। हालांकि पुलिस ने देर सायं बच्चे को रोहतक से बरामद कर लिया था। दरअसल, हुनरजीत के पिता अमरजीत नर्सिंग कॉलेज चलाते हैं। इस सनसनीखेज वारदात के बाद पुलिस और एसटीएफ की टीमें लगातार आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थीं। जांच के दौरान रोहतक एसटीएफ ने दो मुख्य साजिशकर्ताओं को पकड़ने में सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने अपहरण के बाद पीड़ित परिवार से 5 करोड़ रुपये की फिरौती की मांग की थी। इसके लिए उन्होंने अलग-अलग स्थानों से फोन कॉल कर दबाव बनाया। बताया जा रहा है कि आरोपियों ने सोनीपत इलाके से एक व्यक्ति से मोबाइल फोन छीन लिया था और उसी फोन का इस्तेमाल कर फिरौती के लिए कॉल किए गए। जांच में यह भी सामने आया है कि इस साजिश में दो अन्य अपराधी भी शामिल हैं, जिनकी पहचान कर ली गई है और उन्हें जल्द गिरफ्तार करने के लिए पुलिस टीमें दबिश दे रही हैं। गिरफ्तार आरोपी मोनू पैरा जूडो का खिलाड़ी भी रह चुका है और उसने कई पदक जीत रखे हैं। लेकिन वह आपराधिक गतिविधियों में शामिल हो गया।

### घर के कर्मचारी ने दी पूरी जानकारी

एसटीएफ के एसपी विक्रांत भूषण ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान कंसाला निवासी मोनू और उसके साले बरानी निवासी मनीष के रूप में हुई है। मनीष गांव में अमरजीत की गोशाला में ही काम करता है। पुलिस जांच में सामने आया है कि कंसाला निवासी मोनू ने ही मनीष को इस साजिश में शामिल होने के लिए तैयार किया था और दोनों ने मिलकर करीब 20 दिन पहले अपहरण की पूरी योजना बनाई। मनीष ने हर पल की सूचना दी। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि वारदात के बाद आरोपी झज्जर और सांपला क्षेत्र से होते हुए कंसाला पहुंचे थे। फिलहाल पुलिस दोनों आरोपियों से गहन पूछताछ कर रही है ताकि पूरे नेटवर्क और वारदात में शामिल अन्य लोगों की जानकारी मिल सके। इस मौके पर एसीपी प्रदीप नैन, एसीपी नरेश कुमार व इंस्पेक्टर राकेश आदि मौजूद रहे।

### व्यापारी से 25 लाख की रंगदारी मांगी

**समालखा।** समालखा के प्रवाह मोहल्ला के व्यवसायी संदीप बंसल को रॉयल बिश्नोई गैंग के नाम पर 25 लाख रुपये की रंगदारी देने के लिए धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद सहमे व्यवसायी ने समालखा थाना पुलिस को शिकायत देकर अपने व परिवार के लिए सुरक्षा की मांग की है। साथ ही व्यवसायी ने पुलिस को रंगदारी कॉल की रिकॉर्डिंग भी दी है। इधर, संदीप की शिकायत पर समालखा थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, संदीप बंसल ने बताया कि शुक्रवार छह मार्च की सुबह साढ़े दस बजे उनके मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले ने खुद को रॉयल बिश्नोई गैंग से जुड़ा बताया और उनसे 25 लाख रुपये रंगदारी की मांग की। बदमाश ने धमकी देते हुए कहा कि रकम तैयार रखने के लिए उनके पास सिर्फ दो दिन का समय है। इधर, बंसल ने बताया कि धमकी से वे और उनके परिजन डरे हुए हैं। उन्होंने सुरक्षा की मांग की है।

## विश्वविद्यालय अनुबंधित शिक्षक सीएम से मिले

# जॉब सिक्योरिटी बिल जल्द लाने को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा यूनिवर्सिटीज कॉन्ट्रैक्चुअल टीचर्स एसोसिएशन (हुकटा) प्रतिनिधिमंडल ने चंडीगढ़ स्थित संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी को विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों की जॉब सिक्योरिटी से जुड़े बिल की प्रक्रिया को समयबद्ध व तेज गति से पूरा करवाने के संबंध में ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दोनों विभागों के संबंधित उच्च अधिकारियों को सूचना के लिए निर्देश दिए और इस प्रक्रिया को समयबद्ध और तेज करवाने का आश्वासन दिया। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. विजय मलिक व डॉ. सुमन रंगा ने बताया कि शीतकालीन विधानसभा सत्र -2024 से राज्य के सरकारी विश्वविद्यालयों में कार्यरत लगभग 1400 अनुबंधित असिस्टेंट प्रोफेसरों के लिए 'सेवा-सुरक्षा बिल' की प्रक्रिया विचाराधीन है। इसी प्रक्रिया के संबंध में 9 दिसंबर 2025 को जारी निर्देशों के बावजूद लगभग तीन माह बीत जाने पर भी शिक्षा विभाग के अतिरिक्त अन्य 6 विभागों में से आयुष तथा कृषि एवं किसान कल्याण – दो विभागों से अपेक्षित सूचना अभी तक उच्चतर शिक्षा विभाग को प्राप्त नहीं हुई है। इन विभागों के अधीन आने वाले दो विश्वविद्यालयों से सूचना लंबित रहने के कारण प्रस्तावित सेवा-सुरक्षा बिल की प्रक्रिया में अनावश्यक देरी हुई है। यदि सभी विभागों से समय पर सूचना प्राप्त हो जाती, तो संभवतः विधानसभा के वर्तमान बजट सत्र में ही कॉलेजों के एक्सटेंशन लेक्चरर्स के संशोधित बिल के साथ विश्वविद्यालयों के अनुबंधित शिक्षकों के लिए भी सेवा-सुरक्षा बिल लाया जा सकता था।




# गुर्जर गैंग के गुर्गे ने पुराने गैंगस्टर दोस्त की हत्या की

- लाठी-डंडों व रॉड से हमला बोला बचाने आए चाचा को भी मारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ निजामपुर

मूसनौता पंचायत के अंतर्गत ढाणी सादा में गुरुवार देर रात पपला गुर्जर गैंग से जुड़े बदमाशों ने अपने ही एक पुराने साथी की लाठी-डंडों व लोहे की राड़ से पीट-पीटकर हत्या कर दी। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर कैंपर गाड़ियों में सवार होकर मौके से फरार हो गए। सूचना पाकर मौके पर पहुंची निजामपुर पुलिस ने वारदात स्थल से मृतक की स्कॉर्पियो गाड़ी बरामद की तथा प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों के आधार पर आरोपियों की तलाश आरंभ कर दी है।

जानकारी के मुताबिक पुष्कर गुर्जर (35) बीते कई सालों से पपला गुर्जर की गैंग से जुड़ा हुआ था। बीती शाम बायल के सरपंच दशरथ के आवास पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने के लिए आया था। मध्य रात्रि को दो स्कॉर्पियो गाड़ियों के साथ पुष्कर गुर्जर वापस रवाना हुआ था। जैसे ही मूसनोता के पास पहुंचा तो गांव का ही संदीप उर्फ सिंधिया भी अपने साथियों के साथ दो कैंपरों में सवार होकर पहुंच गया। उन्होंने पुष्कर गुर्जर को नीचे उतारकर ताबड़-तोड़ हमला शुरू कर दिए। बचाने आए चाचा पूर्णमल पर भी डंडे बरसाए। इसके बाद आरोपी राजस्थान की तरफ फरार हो गए। ग्रामीणों की मदद से गंभीर रूप से घायल पुष्कर गुर्जर को सामान्य अस्पताल में पहुंचाया गया, जहां मृत घोषित कर दिया।

### आरोपी की बुआ के साथ हुआ था विवाद



निजामपुर थाना इंचार्ज रवि कुमार ने बताया कि आरोपी की बुआ कुछ दिन पहले मृतक के गांव में आई थी, तब उसकी पुष्कर गुर्जर के साथ कोई विवाद हुआ था। तभी से दोनों पक्षों में तनाव की स्थिति बनी थी। मृतक और हमलावर के खिलाफ पपला गुर्जर को भगाने समेत रंगदारी मांगने, 307, आर्म्स एक्ट समेत करीब 10 केस दर्ज हैं। घटना स्थल से मृतक की गाड़ी बरामद करके शव को पोस्टमार्टम करवा दिया। आरोपियों की गिफ्तारी के लिए स्पेशल टीम गठित की गई है।

### निवेश के नाम पर पांच लोगों से 1.62 करोड़ की धोखाधड़ी

**महेंद्रगढ़।** जिले में निवेश के नाम पर करोड़ों रुपये की कथित धोखाधड़ी का एक बड़ा मामला सामने आया है। पांच व्यक्तियों ने स्थानीय थाना प्रभारी को संयुक्त शिकायत देकर दो नामजद लोगों मीर सिंह और राकेश कुमार पर धोखाधड़ी के गंभीर आरोप लगाए हैं। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि उन्हें सुनहरे भविष्य के सपने दिखाकर जमीन और सूक्ष्म लघु मध्यम उद्यम में निवेश करने के लिए प्रेरित किया गया था। शिकायत के अनुसार आरोपितों ने पीड़ितों को महेंद्रगढ़ स्थित एक आवास पर बुलाकर मोटी रकम निवेश करवाई, लेकिन न तो उन्हें वादे के मुताबिक जमीन मिली और न ही राशि वापस लौटाई गई। पांच शिकायतकर्ताओं के अनुसार धोखाधड़ी की अनुमानित राशि अनूप सिंह 30 लाख बैंक ट्रांसफर व नकद, देवेन्द्र कुमार 94 लाख 50 हजार बैंक ट्रांसफर व नकद, लक्ष्मण सिंह पुनिया 19 लाख बैंक ट्रांसफर, सज्जन सिंह नौ लाख बैंक ट्रांसफर, विनित नौ लाख 50 हजार बैंक ट्रांसफर की गई। इन सभी पीड़ितों के अनुसार यह धोखाधड़ी लगभग 1.62 करोड़ से अधिक की है।




**पहल** | 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर सीएम करेंगे शुभारंभ

# 65807 सरपंचों व पंचों को अब ऑनलाइन मिलेगा मानदेय

20 मार्च तक बैंक डिटेल करनी है अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा सरकार चुने हुए पंचायत प्रतिनिधियों को मानदेय भुगतान की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए एक नई व्यवस्था 24 अप्रैल को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर करने जा रही है। प्रदेश के सभी 6188 सरपंच और 59619 पंचों को अब मासिक मानदेय सीधे ऑनलाइन/डिजिटल तरीके से दिया जाएगा। ताकि भुगतान समय पर और पारदर्शी तरीके से हो सके। पहले कई जगह मानदेय देने में देरी या कागजी प्रक्रिया की समस्या आती थी। अब सरकार ऑनलाइन सिस्टम के जरिये सीधे बैंक खाते में भुगतान करेगी। इससे पंचायत प्रतिनिधियों को हर महीने समय पर पैसा मिल सकेगा और रिकॉर्ड भी डिजिटल रहेगा। पंचायत विभाग को 20 मार्च तक सरपंच-पंचों के बैंक खाते, कैंसिल चेक, बैंक खाते की पासबुक के पहले पेज की फोटोकॉपी पोर्टल पर अपलोड करनी है ताकि 24 अप्रैल को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी चुने हुए प्रतिनिधियों के खाते में मानदेय की आरटीजीएस कर सकें।

### 2012 में हुई थी मानदेय की शुरुआत

वर्ष 2021 में जब मानदेय की शुरुआत की गई थी तो उस समय सरपंच-पंच काफी सालों से इसकी मांग कर रहे थे। इनका तर्क था कि एमपी और एमएलए को मानेद्य दिया जा सकता है तो हमें क्यों नहीं। ये मांग वर्षों तक लटकती रही। लेकिन वर्ष 2012 में तत्कालीन सरकार ने इसकी शुरुआत की थी। शुरुआत में सरपंच को 2000 प्रति माह और पंच के लिए 600 रुपये मानदेय तय था। बाद में बढ़ोतरी समय के साथ सरकार ने इसे कई बार बढ़ाया गया। 2016 में सरपंच को 3000 और पंच को 1000 और साल 2023 से लेकर अब सरपंच को 5000 हजार था पंच को 1600 रुपये मानदेय दिया जा रहा है।

पंचायत विभाग के अधिकारियों के मुताबिक ऑनलाइन मानदेय देने के पीछे सरकार का मकसद है कि भ्रष्टाचार रुके और पंचायत व्यवस्था डिजिटल और पारदर्शी बने। गौरतलब है कि सरपंच पंचायत का चुना हुआ प्रमुख होता है और वह गांव के विकास से जुड़े कई फैसले और फंड संभालता है। उनके पास लोगों का आना-जाना रहता है। इसलिए उनकी खातिरदारी भी सरपंच को करनी पड़ती है। खातिरदारी का पैसा पहले सरपंच को अपनी जेब से खर्च करना पड़ता था। अब मानदेय मिलने से सरपंच पर यह अतिरिक्त बोझ नहीं पड़ता।

## खबर संक्षेप

### जशपुर में पलटी बस, 5 की मौत, 20 घायल



**जशपुर।** जिले में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। झारखंड के कुरडेग से कुनकुरी आ रही यात्री बस अनियंत्रित होकर पलट गई। हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई, जबकि 20 से अधिक लोग घायल हो गए हैं। 4 घायलों को अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है।

### 'कर्जमाफी' और 'लाडकी बहिण' जारी रहेगी



**मुंबई।** महाराष्ट्र विधानसभा में मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कई अहम घोषणाएं की हैं। बजट सत्रऔर अन्य चर्चाओं के दौरान सीएम ने विधानसभा के अंदर कई बड़े ऐलान किए। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाडकी बहिण योजना लगातार जारी रहेगी। पर्याप्त धनराशि की व्यवस्था की गई है। फिलहाल सत्यापन की प्रक्रिया चल रही है।

## ओडिशा में सीआईएसएफ के स्थापना दिवस समारोह में बोले गृह मंत्री शाह

# 'बल' ने औद्योगिक विकास, देश की अर्थव्यवस्था को दी मजबूती, 31 तक रेड कारिडोर होगा खत्म



एजेंसी ⏭ कटक

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह ने शुक्रवार को ओडिशा के मुंडली में सीआईएसएफ (केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल) के 57वें स्थापना दिवस समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित किया। उन्होंने 890 करोड़ की लागत से 3 आवासीय परिसरों का शिलान्यास और 2 आवासीय परिसरों (राजरहाट और दिल्ली) का लोकार्पण किया। शाह ने कहा कि सीआईएसएफ ने 56 वर्षों में औद्योगिक सुरक्षा क्षेत्र में शून्य से शिखर तक का सफर तय किया है। उन्होंने बल, त्याग और समर्पण की इस यात्रा को औद्योगिक विकास और देश की अर्थव्यवस्था की मजबूती से जोड़ा। औद्योगिक विकास को सुरक्षित बनाने के लिए सीआईएसएफ की भूमिका अहम है और देश के हवाई अड्डे, बंदरगाह और बड़ी औद्योगिक इकाइयां इसकी सुरक्षा पर निर्भर हैं।

### *उन्होंने 890 करोड़ की लागत से 3 आवासीय परिसरों का शिलान्यास और 2 आवासीय परिसरों का किया लोकार्पण*

#### नक्सलवाद से मुक्त करने में अहम भूमिका

प्रधानमंत्री के लक्ष्य के तहत 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से मुक्त करने में सीआईएसएफ अहम भूमिका निभा रहा है। गृह मंत्री ने बताया कि ओडिशा, छत्तीसगढ़ और तेलंगाना में सीआईएसएफ नक्सलरोधी अभियानों में सक्रिय रहा है और तिरुपति से पशुपतिनाथ तक रेड कॉरिडोर के स्वप्न देखने वालों को पूरी तरह परास्त किया जाएगा।

#### सीआईएसएफ की उपलब्धियां और नई जिम्मेदारियां



कार्यक्रम में गृहमंत्री शाह

शाह ने बताया कि सीआईएसएफ अब भारत के 70 हवाई अड्डों सहित 361 महत्वपूर्ण संस्थानों की सुरक्षा कर रहा है। ड्रोन सुरक्षा में भी इसे नोडल एजेंसी बनाया गया है। सीआईएसएफ निजी औद्योगिक समूहों को भी हाइब्रिड मोड में सुरक्षा प्रदान

#### रेड कॉरिडोर का सपना देखने वाले हो जाएंगे नाकाम

शाह ने कहा कि देश को 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त बना दिया जाएगा। सुरक्षा बल उन लोगों के मंसूबों को विफल कर देंगे जो तिरुपति से पशुपतिनाथ मंदिर तक तथाकथित रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं। हमारे सुरक्षा बल उन ताकतों को हराएंगे, जो रेड कॉरिडोर बनाने का सपना देख रहे हैं।

#### 13,693 पदक दिए गए

शाह ने सीआईएसएफकर्मियों की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए बताया कि अब तक वीरता और विशिष्ट सेवा के लिए 13,693 पदक प्राप्त किए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि सीआईएसओफ ने हमेशा अपने कर्तव्यों में उत्कृष्टता दिखाई है और देश की सुरक्षा में मिसाल कायम की है।

#### नक्सलवाद का खात्मा तय

शाह ने देश से नक्सलवाद खत्म करने को लेकर बड़ा दावा किया है। 31 मार्च तक भारत पूरी तरह नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। सुरक्षा बल उन नक्सली समूहों को पूरी तरह परास्त कर देंगे, जिन्होंने कभी तिरुपति से पशुपतिनाथ तक फैले तथाकथित 'रेड कॉरिडोर' पर कब्जा जमाने की कोशिश की थी। मैं सभी को भरोसा दिलाना चाहता हूं कि 31 मार्च तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा।

## जेडीयू की बैठक में बड़ा खुलासा

# नीतीश के पुत्र निशांत करेंगे राजनीति, कल होगा ऐलान



एजेंसी ⏭ पटना

बिहार के सीएम नीतीश कुमार के पुत्र निशांत कुमार के सियासत में आने को लेकर चर्चा लंबे समय से चल रही है। चुनाव से पहले भी निशांत के सियासी आगाज को लेकर कयासों का लंबा दौर चला था। अब नीतीश ने जब राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन कर दिया है और उनका दिल्ली की सियासत में जाना तय हो चुका है। यहां के सियासी हलकों में निशांत का नाम फिर से चर्चा का विषय बन गया है। नीतीश के सीएम की कुर्सी छोड़ने के बाद अब निशांत कुमार का नाम डिप्टी सीएम की रेस में बताया जा रहा है। निशांत के सियासी डेब्यू की तारीख भी करीब तय हो चुकी है। शुक्रवार को पटना में जेडीयू नेताओं, विधायकों की बैठक में भी निशांत के राजनीति में आने की मांग उठी। इस पर पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने यह कहा कि निशांत कुमार राजनीति में आएंगे।

#### 8 मार्च को लेंगे पार्टी की सदस्यता

झा ने इसी मीटिंग में निशांत के सियासी डेब्यू की तारीख भी बताई। उन्होंने यह भी कहा कि निशांत कुमार 8 मार्च को जेडीयू की सदस्यता औपचारिक रूप से ले सकते हैं। निशांत 8 मार्च को शाम तीन बजे जेडीयू की सदस्यता ग्रहण करेंगे। बैठक में विधायक नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले से मायूस नजर आए। मीटिंग के दौरान कुछ विधायकों ने अपनी बात रखी। विधायकों ने सीएम नीतीश से राज्यसभा जाने के फैसले पर पुनर्विचार करने की मांग की। सीएम नीतीश कुमार ने विधायकों को भरोसा दिया कि हम राज्यसभा जा रहे हैं, लेकिन बिहार आएंगे ही। उन्होंने आश्वस्त किया कि आप लोगों को कोई परेशानी नहीं होगी। चिंता मत करिए।

# मोगा में भरे बाजार ताबड़तोड़ फायरिंग कर सरपंच की हत्या

**मोगा(एजेंसी)।** मोगा के बाघापुराना में अज्ञात हमलावरों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर गांव पत्तो हीरा सिंह के मौजूदा सरपंच की गोली मारकर हत्या कर दी। वारदात शुक्रवार सुबह करीब 10:30 बजे हुई। मृतक की पहचान हरपिंदर सिंह हैप्पी के रूप में हुई है। हरपिंदर सिंह बाघापुराना-कोटकपूरा रोड स्थित सूजन



जिम के संचालक भी थे। बताया जा रहा है कि शुक्रवार सुबह वह अपनी थार गाड़ी में जिम पर पहुंचे थे। जैसे ही वह गाड़ी से नीचे उतरे, उसी दौरान फॉर्च्यूनर गाड़ी में सवार 4-5 हमलावरों ने उन पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में हरपिंदर सिंह हैप्पी को करीब 6-7 गोलियां लगीं। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। घटना के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए।

#### पहले भी थ्रेट कॉल आई थी

हैप्पी को पहले भी थ्रेट कॉल आई थी और इनके पास बुलेट प्रूफ गाड़ी भी है। आज हैप्पी दूसरे गाड़ी में आए तो हमलावरों ने मौका देख उन्हें मौत के घाट उतार दिया। बाघापुराना थाना के एसएचओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह करीब 11 बजे गोली चलने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। पुलिस के मुताबिक कुछ हमलावरों की पहचान कर ली गई है और आरोपियों को जल्द गिरफ्तार करने के लिए छापेमारी की जा रही है।

## जैसलमेर में चादर महोत्सव में भागवत

# समाज बंटेंगे तो होते रहेंगे हमले आंतरिक एकता को बनाए रखें



एजेंसी ⏭ जैसलमेर

संघ प्रमुखडॉ. मोहन भागवत ने जैसलमेर में आयोजित चादर महोत्सव के दौरान एकता और सद्भावना का संदेश देते हुए कहा कि दुनिया में युद्ध और कलह इसलिए नहीं थम रहे क्योंकि हम अपनी आंतरिक एकता को भूल चुके हैं। जब तक हम स्वार्थ को त्याग कर एक मजबूत समाज के रूप में खड़े नहीं होंगे तब तक सच्ची शांति नहीं आएगी। भागवत ने कहा कि समाज अपनी एकता को नहीं पहचाना इसलिए दुनिया भर में कलह जारी है। लोग मन की करूणा भूल गए हैं। लोग इस सत्य को भूल गए कि हम दिखते अलग अलग हैं लेकिन सब एक हैं। संघ प्रमुख ने कहा कि जब पहला महायुद्ध हुआ तो दोबारा जंग न हो इसके लिए 'लीग आफ नेशंस' की स्थापना की गई लेकिन वह भी नहीं चली। फिर दूसरा महायुद्ध हो गया। आज संयुक्त राष्ट्र निष्प्रभावी है। युद्ध थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

## शिवगिरि मठ यात्रा पर बोले राहुल

# अंधकार की ओर बढ़ रहे राजनीति,अंतरराष्ट्रीय संबंध'



#### राजनीति अप्रिय काम

छात्रों से बात करते हुए राहुल ने कहा कि आप राजनीति में आना चाहते हैं, तो यह एक अप्रिय काम है। यह बहुत मुश्किल काम है।

एजेंसी ⏭ कोल्लम

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने कोल्लम में महात्मा गांधी की शिवगिरि मठ यात्रा की 100वीं वर्षगांठ पर जनसभा को संबोधित किया, जहां उन्होंने श्री नारायण गुरुदेवन से मुलाकात की थी। राहुल ने कहा कि संविधान में क्षमा है, नारायण गुरुजी में क्षमा है। वर्तमान में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध ज्ञान से दूर, अंधकार की ओर बढ़ रहे हैं। चाहे राजनीति हो या अंतरराष्ट्रीय संबंध, दूसरे व्यक्ति को समझने का कोई प्रयास नहीं किया जाता और असहमति के मामलों में हिंसा का सहारा लिया जाता है।



चिंतन

# भारत का ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर होना जरूरी

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने एक बार फिर वैश्विक ऊर्जा बाजार को अस्थिर कर दिया है। अमेरिका, इजराइल और ईरान के बीच बढ़ती टकराहट ने पूरी दुनिया को चिंतित कर दिया है। इस संघर्ष का सबसे बड़ा असर तेल और गैस की आपूर्ति पर पड़ सकता है। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह स्थिति विशेष रूप से संवेदनशील है, क्योंकि देश अपनी ऊर्जा जरूरतों का बड़ा हिस्सा आयात के जरिए पूरा करता है। ऐसे में यह सवाल और अधिक महत्वपूर्ण हो जाता है कि भारत को ऊर्जा के क्षेत्र में जल्द से जल्द आत्मनिर्भर बनना होगा, ताकि किसी भी वैश्विक संकट के दौरान देश की अर्थव्यवस्था और आम जनता पर गंभीर असर न पड़े। दरअसल, वैश्विक राजनीति और ऊर्जा आपूर्ति का गहरा संबंध है। जब भी किसी क्षेत्र में युद्ध या तनाव बढ़ता है, उसका सीधा असर तेल और गैस की कीमतों पर पड़ता है। वर्तमान हालात में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के कारण मिडिल ईस्ट क्षेत्र में ऊर्जा आपूर्ति को लेकर अनिश्चितता पैदा हो गई है। इसका असर भारत जैसे देशों पर पड़ना स्वाभाविक है, क्योंकि भारत अपनी जरूरत का बड़ा हिस्सा विदेशों से मंगाता है। यदि यह संकट और बढ़ता है तो देश में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतें बढ़ सकती हैं, साथ ही आपूर्ति भी प्रभावित हो सकती है। इसी खतरे को देखते हुए केंद्र सरकार ने समय रहते कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। सरकार ने देश की सभी ऑयल रिफाइनरी कंपनियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने का निर्देश दिया है। इमरजेंसी पावर का इस्तेमाल करते हुए यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि देश में रसोई गैस की किल्लत न हो और उपभोक्ताओं को बिना रुकावट सिलेंडर मिल सके। हालांकि फिलहाल भारत को एक अस्थायी राहत भी मिली है। अमेरिका ने भारतीय रिफाइनरियों को रूस से कच्चा तेल खरीदने के लिए 30 दिन का विशेष लाइसेंस दिया है। यह लाइसेंस 3 अप्रैल तक वैध रहेगा, लेकिन यह राहत अस्थायी है और इससे यह भी स्पष्ट होता है कि ऊर्जा के मामले में भारत अभी भी अंतरराष्ट्रीय राजनीतिक परिस्थितियों पर काफी हद तक निर्भर है। ऊर्जा क्षेत्र में यह निर्भरता भारत की संप्रभुता के लिए भी चुनौती बन सकती है। जब कोई देश अपनी मूलभूत जरूरतों के लिए दूसरों पर निर्भर रहता है तो कई बार उसे अंतरराष्ट्रीय दबावों का सामना करना पड़ता है और ब्लैकमेलिंग का शिकार होता है। रूस से तेल खरीदने के मुद्दे पर पहले भी भारत को वैश्विक दबाव झेलना पड़ा है। इसी तरह अमेरिका द्वारा टैरिफ की धमकी देना भी यह संकेत देता है कि आर्थिक और ऊर्जा निर्भरता किसी भी देश को कमजोर बना सकती है। इसलिए दीर्घकालिक समाधान यही है कि भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बने। इस संदर्भ में 'स्ट्रेट ऑफ होर्मुज' का मुद्दा भी बेहद महत्वपूर्ण है। यह जलमार्ग फारस की खाड़ी को अरब सागर से जोड़ता है और वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख मार्ग माना जाता है। भारत के लिए यह मार्ग और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि देश अपनी जरूरत का लगभग 50 प्रतिशत कच्चा तेल और 54 प्रतिशत एलएनजी इसी रास्ते से आयात करता है। यदि ईरान और अन्य देशों के बीच तनाव के कारण यह मार्ग बाधित होता है तो भारत सहित पूरी दुनिया के लिए ऊर्जा संकट गहरा सकता है।



सियासत
उमेश चतुर्वेदी

दो दशकों से बिहार की सत्ता की धुरी रहे नीतीश कुमार की विदाई को लेकर सियासी गलियारों में जितनी हैरत जताई जा रही है। नीतीश ने कभी ऐसा जाहिर नहीं किया कि वे सत्ता से दूर हो सकते हैं। जिस तरह से नीतीश ने खुद को बिहार से दूर किया है, उससे लगता है कि दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच ऐसी समझ विकसित हो चुकी थी। चूंकि इसकी भनक बाहर नहीं लग पाई थी, इसलिए यह बदलाव लोगों को आसानी से पच नहीं रहा। नीतीश ने जिस जनता दल यू को सींचा-खड़ा किया है, उसका भी चरित्र कुछ-कुछ कांग्रेस की तरह हो गया है। जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस को एक रखने का चुंबक है, नीतीश ही जनता दल यू के लिए उसी तरह के चुंबक हैं।

# सवालों के घेरे में नीतीश की विदाई

दो दशकों से बिहार की सत्ता की धुरी रहे नीतीश कुमार की विदाई को लेकर सियासी गलियारों में जितनी हैरत जताई जा रही है, सवाल भी उतने ही उठ रहे हैं। बीस साल से कुछ ज्यादा वक्त से लगातार बिहार की सत्ता में बने रहे नीतीश का सियासी स्वभाव ही सवालों और आश्चर्य की वजह बना है। नीतीश ने जब से सत्ता संभाली है, उन्होंने कभी ऐसा जाहिर नहीं किया कि वे सत्ता से दूर हो सकते हैं। बीच में जीतन राम मांझी को नौ महीने के लिए सत्ता सौंपकर संन्यासी और बीतरागी जैसा दिखने की कोशिश उन्होंने जरूर की, लेकिन वह सिर्फ दिखावा था।

सत्ता का असल सूत्र उनके ही हाथ था। जब लगा कि मांझी उस सूत्र को काट कर स्वाधीन पहचान बनाने की कोशिश कर रहे हैं, उस धागे को काट सत्ता खुद थाम ली थी। नीतीश सत्ता को इतनी आसानी से छोड़ देंगे, इस पर आसानी से भरोसा न करने की वजह उनका अतीत रहा है। कभी जीन विवाद तो कभी किसी दूसरी वजह से उन्होंने अपनी पुरानी सहयोगी बीजेपी को छोड़ उस लालू का हाथ दो-दो बार थाम लिया, जिनके विरोध की बुनियाद पर ही उनकी राजनीति परवान चढ़ी। फिर जब उन्हें लगा कि लालू का साथ उनकी सियासी नैया को डुबो देगा तो फिर बीजेपी की ओर लौटने में भी उन्होंने देर नहीं लगाई। यह सियासी आवाजाही हर हाल में सत्ता पर पकड़ बनाए रखने की उनकी चाहत का ही प्रतीक लगती है। इसी वजह से उनकी विदाई को सहजता से स्वीकार करना कठिन हो रहा है। राजनीति का एक चरित्र है। अपने कदमों को लिए वह जिन कारणों को गिनाती है, हकीकत में वे कारण होते ही नहीं। नीतीश ने भी कहा है कि वे चाहते थे कि संसद के दोनों सदनों और विधानमंडल के दोनों सदनों के सदस्य बनें। विधानमंडल और लोकसभा के वे सदस्य रह चुके हैं, लेकिन राज्य सभा के वे सदस्य कभी रहे नहीं, इसलिए वे बिहार की राजनीति छोड़ राज्यसभा का सदस्य बनने जा रहे हैं। हो सकता है कि नीतीश की यह चाहत रही हो, लेकिन उनके बिहार को छोड़ने के पीछे का यह सच अधूरा है। विगत दो साल में नीतीश कुमार की जुबान कई बार फिसली है। उनकी हरकतें भी कई बार हास्यास्पद रही हैं। नीतीश की छवि ऐसे गंभीर शख्सियत की रही है, जो नाप-तोलकर बोलता है। इसी छवि ने गाहे-बगाहे फिसलती रही जुबान और उल-जलूल हरकतों के बावजूद उनके प्रति लोगों का सम्मान कम नहीं होने दिया है। इसी छवि के चलते विगत के बिहार चुनाव में एनडीए को भारी जीत भी मिली। इसके साथ ही यह भी मान लिया गया कि इन चुनावों के बाद नीतीश की विदाई भी हो सकती है। यह कहना मुश्किल है कि बीजेपी और जनता दल यू ने तय किया हो कि चुनाव बाद नीतीश हट जाएंगे या हटा दिए जाएंगे। जिस तरह से नीतीश ने खुद को बिहार से दूर किया है, उससे लगता है कि दोनों दलों के शीर्ष नेतृत्व के बीच ऐसी समझ विकसित हो चुकी थी। चूंकि इसकी भनक बाहर नहीं लग पाई थी, इसलिए यह बदलाव लोगों को आसानी से पच नहीं रहा।

नीतीश ने जिस जनता दल यू को सींचा-खड़ा किया है, उसका भी चरित्र कुछ-कुछ कांग्रेस की तरह हो गया है। जिस तरह नेहरू-गांधी परिवार कांग्रेस को एक रखने का चुंबक है, नीतीश ही जनता दल यू के लिए उसी तरह के चुंबक हैं। बेशक राजीव रंजन सिंह उर्फ लल्लन,



संजय झा, विजय चौधरी और अशोक चौधरी, नीतीश के बेहद करीब हैं। लेकिन इन चारों की समूचे जनता दल यू में स्वीकार्यता नहीं है। जदयू को एक नीतीश रख सकते हैं या उनके बेटे निशांत। जदयू को एक रखने के लिए निशांत का राजनीति में आना जरूरी है। राजनीति में उनके प्रवेश की अटकलें करीब दो वर्षों से लगाई जा रही हैं। नीतीश की छवि परिवारवाद विरोधी नेता की भी है। बिहार की राजनीति के केंद्र में उन्हें लाने के पीछे लालू के परिवारवाद पर उनका तीखा हमला भी रहा है। ऐसे में नीतीश के बाद सीधे निशांत की ताजपोशी उनकी छवि को नुकसान पहुंचा सकती थी, लिहाजा निशांत को उत्तराधिकार सौंपने के लिए ऐसी राह चुनी गई है, जिससे नीतीश को कम से कम नुकसान हो। इसलिए वे दिल्ली में राज्यसभा की शोभा बढ़ाने जा रहे हैं। इस कदम से निशांत को सीधे बिहार की सत्ता मिल भी नहीं रही और जदयू पर पकड़ के लिए मजबूत रस्सी भी थमाई जा रही है। बिहार इन दिनों आर्थिक संकट से गुजर रहा है। जीविका दीदियों के खाते में अब तक 18 हजार एक सौ करोड़ दिए जा चुके हैं। दो साल में करीब दो लाख कर्मचारियों की भर्ती के बाद राज्य का वेतन खर्च 70 हजार करोड़ से ज्यादा हो चुका है। पेंशन खर्च पैंतीस हजार करोड़ हो चुका है। राज्य का बजट तीन लाख 67 हजार करोड़ का है। इसमें से पैंसठ फीसद खर्च प्रतिबद्ध खर्च है यानी विकास और योजना पर। राज्य की आर्थिक स्थिति की गड़बड़ी के चलते लालू राज के बाद पहली बार वित्त विभाग को आदेश देना पड़ा है कि कर्मचारियों के वेतन खर्च के अलावा कोई भुगतान ना किया जाए। नीतीश को यह कठिनाई पता है।

बीजेपी को सत्ता सौंपने के पीछे उनका मकसद यह भी माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में राज्य के इस आर्थिक संकट को सत्ता के केंद्र में होने के चलते उसे भुगतना पड़ेगा। हो सकता है कि अपने लोगों के हाथ सत्ता होने के चलते बिहार को मोदी सरकार की ओर से केंद्रीय मदद मिल जाए। 1967 में आठ राज्यों में बनी संविद सरकारों में बीजेपी की पूर्ववर्ती पार्टी जनसंघ ने समाजवादी दलों का साथ दिया था। मध्य प्रदेश, राजस्थान और हिमाचल को छोड़ दें तो हर राज्य में समाजवादी दलों की वह सहयोगी रही। समाजवाद के साथ शुरू बीजेपी की यात्रा में धीरे-धीरे समाजवादी दलों का जनाधार छीजता चला गया। इस तरह उनका अस्तित्व ही खत्म हो गया। बीजेपी की इस वर्चस्ववादी यात्रा की राह में नीतीश का जनता दल यू और नवीन पटनायक का बीजू जनता दल रोड़ा रहा है। उड़ीसा के पिछले चुनाव में बीजेपी पटनायक को पटखनी दे चुकी है और अब नीतीश कुमार ने खुद ही कुर्सी खाली कर दी है। इस लिहाज से कह सकते हैं कि बिहार में बीजेपी का अगुआ बनने का सपना पूरा होने जा रहा है। नीतीश अब बिहार की सत्ता का अतीत हैं। उनकी उपलब्धियां भी कम नहीं हैं। नीतीश की एक और उपलब्धि यह है कि लगातार बीजेपी का साथ होने के बावजूद उन्होंने अपनी सरकार का समाजवादी स्वरूप बचाए रखा।

सुशासन और सरकार के समाजवादी स्वरूप के चलते नीतीश की राष्ट्रव्यापी छवि बनी। नीतीश की छवि तो बनी, लेकिन उन्होंने बिहार से बाहर अपना संगठन खड़ा नहीं किया। एक बार अरूणाचल में जदयू के 11 विधायक चुने गए, लेकिन उन्हें सहेजने में नीतीश की दिलचस्पी नहीं रही। इससे दुखी विधायक एक-एक कर पार्टी छोड़ गए। 2023 में इसी छवि के चलते उन्होंने इंडिया गठबंधन बनाने की कोशिश की, लेकिन कांग्रेस का अहं उनकी राह में आड़े आ गया। अगर कांग्रेस ने अपने नेतृत्व को आगे रखने की चाहत का बलिदान किया होता और नीतीश को संयोजक बना दिया होता, शायद इतिहास अलग होता।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार और राजनीतिक समीक्षक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

विश्व अनाज दिवस
सुनील कुमार महला



# अन्न से आत्मनिर्भरता तक


अनाजों के महत्व, पोषण और खाद्य सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष 7 मार्च को विश्व अनाज दिवस (वर्ल्ड सीरियल डे) मनाया जाता है। यहां पाठकों को बताता चलूं कि 'सीरियल' शब्द की उत्पत्ति प्राचीन रोमन देवी सेरेस के नाम से हुई है। दरअसल, रोमन पौराणिक कथाओं में सेरेस को खेती, फसल और मातृत्व की देवी माना जाता था और उन्हीं के सम्मान में अनाज को 'सीरियल' कहा जाने लगा। वैसे, गेहूं, चावल, मक्का, जौ और जई जैसे खाद्यान्न सीरियल्स की श्रेणी में आते हैं। 'विश्व अनाज दिवस' वस्तुतः खाद्य सुरक्षा की नींव को रेखांकित करता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि गेहूं, चावल, मक्का, जौ और बाजरा जैसे अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता के आधार स्तंभ हैं। उल्लेखनीय है कि आज विश्व की आधी से अधिक आबादी की दैनिक ऊर्जा आवश्यकताएं मुख्यतः तीन अनाजों-गेहूं, चावल और मक्का से ही पूरी होती हैं। यदि अनाज न हों, तो वैश्विक खाद्य सुरक्षा की कल्पना भी संभव नहीं। आज जब दुनिया जलवायु परिवर्तन, जनसंख्या वृद्धि और भूख जैसी चुनौतियों का लगातार सामना कर रही है, तब अनाजों का महत्व और बढ़ जाता है। आज तापमान में वृद्धि, अनियमित वर्षा और सूखा जैसी परिस्थितियां विशेषकर गेहूं और चावल की पैदावार को प्रभावित कर रही हैं। ऐसे में टिकाऊ कृषि पद्धतियां अपनाना समय की आवश्यकता है। भारत के संदर्भ में देखें तो हमारा देश विश्व के प्रमुख गेहूं और चावल उत्पादक देशों में शामिल है।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) के माध्यम से करोड़ों लोगों तक सस्ती दरों पर अनाज पहुंचाया जाता है। हाल के वर्षों में मोटे अनाज-जैसे बाजरा, ज्वार और रागी आदि को पुनः प्रोत्साहित किया जा रहा है, क्योंकि ये पोषक तत्वों से भरपूर होने के साथ-साथ कम पानी में भी उगाए जा सकते हैं। यहां यह भी उल्लेखनीय है कि भारत की पहल पर संयुक्त राष्ट्र महासभा ने वर्ष 2023 को 'अंतरराष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष' घोषित किया, जिससे वैश्विक स्तर पर मोटे अनाजों के महत्व को नई पहचान मिली। 'विश्व अनाज दिवस' का उद्देश्य केवल उत्पादन बढ़ाना नहीं, बल्कि अनाजों के पोषण मूल्य, खाद्य अपव्यय रोकने, संतुलित आहार अपनाने और किसानों के परिश्रम के सम्मान के प्रति जागरूकता फैलाना भी है। वास्तव में यह दिवस कुपोषण और भूख की समस्या को कम करने, टिकाऊ कृषि (सस्टेनेबल एग्रीकल्चर) को बढ़ावा देने तथा खाद्य सुरक्षा में किसानों की भूमिका को रेखांकित करता है। इतिहास की दृष्टि से 'जौ' को दुनिया के सबसे प्राचीन खेती किए गए अनाजों में से एक माना जाता है, जिसके प्रमाण लगभग 10,000 वर्ष पुराने मिलते हैं। आज बाजरा, ज्वार और रागी जैसे मोटे अनाजों को 'फ्यूचर फूड' कहा जा रहा है। ये प्रायः ग्लूटेन-रहित होते हैं और आयरन व कैल्शियम जैसे पोषक तत्वों से समृद्ध होते हैं। पर्यावरणीय दृष्टि से भी कुछ अनाज अत्यंत महत्त्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, 'पेरेनियल ग्रेन्स' (बारहमासी अनाज) ऐसी फसलें हैं जिन्हें हर वर्ष दोबारा बोने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इनकी गहरी जड़ें मिट्टी के कटाव को रोकती हैं और कार्बन अवशोषण में सहायक होती हैं। मक्का विश्व में सर्वाधिक उगाई जाने वाली फसल है, किंतु इसका बड़ा हिस्सा प्रत्यक्ष भोजन के बजाय एथेनॉल (ईंधन) और पशु आहार के रूप में प्रयुक्त होता है। यह भी उल्लेखनीय है कि विश्व में उत्पादित अनाज का बड़ा भाग भंडारण और परिवहन के दौरान नष्ट हो जाता है। यदि इस अपव्यय को रोका जाए तो करोड़ों लोगों की भूख मिटाई जा सकती है। 19वीं सदी के अंत में डॉ. जॉन हार्वे केलॉग ने कॉर्नफ्लेक्स जैसे ब्रेकफास्ट सीरियल का आविष्कार किया था। उनका उद्देश्य इसे सादा और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के रूप में प्रस्तुत करना था, ताकि लोग अत्यधिक मसालेदार और गरिष्ठ भोजन से बच सकें। अनाज ऊर्जा, फाइबर, विटामिन और खनिजों का महत्वपूर्ण स्रोत हैं। विश्व की बड़ी आबादी का मुख्य भोजन अनाज ही है, जिनमें गेहूं और चावल का उपभोग सर्वाधिक होता है। वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका विशिष्ट है। भारत विश्व की लगभग 25 प्रतिशत दालों का उत्पादक और 27% उपभोक्ता है। वर्ष 2026 के हालिया आँकड़ों के अनुसार, भारत चना और मूंग जैसी प्रमुख दालों में आत्मनिर्भरता की दिशा में तेज़ी से अग्रसर है।

कभी 'गरीबों का प्रोटीन' कही जाने वाली दालें आज 'भविष्य का भोजन' मानी जा रही हैं। अंततः, विश्व अनाज दिवस हमें यह संदेश देता है कि अनाज केवल भोजन नहीं, बल्कि मानव सभ्यता, अर्थव्यवस्था और पर्यावरण संतुलन की आधारशिला हैं। जलवायु परिवर्तन और बढ़ती जनसंख्या के दौर में इनका संरक्षण, टिकाऊ उत्पादन और खाद्य अपव्यय पर नियंत्रण अत्यंत आवश्यक है। आइए, हर दाने का सम्मान करें और सुरक्षित, पोषित एवं समृद्ध भविष्य के निर्माण का संकल्प लें।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

## वार्ता से निकल सकता है हर समस्या का हल



संकलित
दर्शन

वार्ता से प्रत्येक व्यक्ति का सरोकार है। जब मन में संदेह उपजे, हृदय अविश्वास से घिर जाए, मस्तिष्क में विचार न ठहरे, तब वार्ता से ही रास्ता निकलेगा। कोई भी विवाद हो, कैसी भी समस्या हो, फिर भी वार्ता से हल निकल सकता है। संबंधों में कितना भी ठहराव क्यों न आ जाए, लेकिन वार्ता के ताप से रिश्तों पर जमा बर्फ भी पिघल जाती है। वार्ता में शिथिलता के लिए केवल अहंकार दोषी होता है। किसी भी विध्वंस का कारण अंहकार ही रहा है। विश्व शांति की अवधारणा परस्पर संवाद पर ही टिकी है। संवादहीनता से कूटनीति और राजनीति अकेली पड़ सकती है। बातचीत चलती रहे तो विकल्प निकलने की संभावना बढ़ जाती है। चर्चाओं में तर्क, सुझाव और मतों का विभाजन होता रहता है। यह अनवरत प्रक्रिया है। जनता के मध्य निरंतर जनमत पर चर्चा चलती रहती है। लोक चर्चा और लोकमत से संसार की बड़ी समस्याओं पर सकारात्मक निष्कर्ष निकल सकते है। चर्चा या वार्ता को प्रोत्साहित करना उचित है। संवादहीनता को हतोत्साहित करना चाहिए। सभी द्वार भले ही बंद हो जाएं, लेकिन बातचीत का द्वार सदैव खुला रहे। लोग कहते हैं कि पैसों का काम पैसों से ही चलता है, बातों से नहीं। यह बात सच है कि बातों से कोई काम नहीं होता, काम तो काम करने से हो सकता है, लेकिन काम तभी हो सकता है, जब उस काम से पहले कोई विचार स्थिर हो। विचार स्थिर होगा तो उससे संबंधित बात पूरी हो सकेगी और बात होगी तो काम का आदेश होगा। काम का आदेश स्वयं या अन्य प्रकार का हो सकता है।

## सफलता के लिए योजना बनाकर काम करें



संकलित
प्रेरणा

जब भगवान विष्णु श्रीकृष्ण रूप में अवतार लेने वाले थे। देवकी और वसुदेव कंस की कैद में थे। कंस ने देवकी-वसुदेव की 6 संतानों का वध कर दिया था। सातवीं संतान के रूप में बलराम देवकी के गर्भ में आए तो भगवान विष्णु ने योगमाया से कहा था कि आप इस सातवीं संतान को देवकी के गर्भ से निकाल कर वसुदेव जी की दूसरी पत्नी रोहिणी के गर्भ में स्थापित कर दो। इसके बाद कंस को ये सूचना दी जाएगी कि सातवां गर्भ गिर गया है।

योगमाया ने ऐसा ही किया। इसके बाद जब आठवीं संतान के जन्म का समय आया तो भगवान ने योगमाया से कहा कि अब मेरे अवतार लेने का समय आ गया है। जब मेरे अवतार का जन्म होगा, ठीक उसी समय आप गोकुल में यशोदा के गर्भ से जन्म लेना। वसुदेव जी कंस के कारागर से निकालकर मुझे गोकुल पहुंचाएंगे और आपको लेकर कंस के कारागार में आ जाएंगे। जब कंस आठवीं संतान को मारने के लिए आएगा तब आप मुक्त हो जाना। भगवान ने जो योजना बनाई थी, उसी के अनुसार श्रीकृष्ण का अवतार हो गया। इस कथा में भगवान ने संदेश दिया है कि जब भी कोई काम करना हो तो उसकी योजना जरूर बनाएं। योजना अच्छी होगी तो सफलता जरूर मिलेगी।

## अंतर्मन




### आज की पाती

**मानवता को शर्मसार कर रहा युद्ध**

जब भी दुनिया के किसी कोने में युद्ध होता है तब मिसाइलें, बम या अन्य कोई भी चीज क्यों न हो, वो न धर्म देखते हैं, न जात या अन्य कोई चीज, इन सभी से मानवता शिकार होती है। हाल ही में अमेरिका और इजरायल का ईरान के मिनाब स्थान पर ऐसा हमला एक स्कूल पर हुआ, जिसमें बहुत सी बच्चियों की मौत की खबर है। इसी तरह इस युद्ध में और भी बहुत से निर्दोष और निहत्थे लोग मर चुके हैं और मारे जा रहे हैं। यह खबरें दिल दहलाने वाली हैं और सवाल खड़े करने वाली है कि आखिर इन बच्चियों का क्या कसूर था? क्या हर मसले का हल मात्र युद्ध ही है? अगर हम इतिहास में हुए युद्धों पर नजर डाले तो यही बात सामने आएगी कि युद्ध हमेशा ही विनाशकारी और मानवता को शर्मसार करने वाले ही सिद्ध हुए हैं और इसमें निर्दोष और निहत्थे लोग मारे गए हैं। - **राजेश पाठक**, रायपुर

## करंट अफेयर

### सिंगापुर में भारतीय समुदाय की पहचान के लिए समिति

सिंगापुर सरकार अगले पांच सालों में यहां रहने वाले भारतीय मूल के लोगों की पहचान को मजबूत करने, समुदाय को बेहतर बनाने की कोशिशों में समन्वय करने और युवा नेतृत्व तैयार करने के लिए एक नई 'भारतीय साझेदारी और विकास पहल' (आईएनईआई) समिति बना रही है। चैनल न्यूज एशिया की शुक्रवार की रिपोर्ट के मुताबिक, यह अलग-अलग हितधारकों और सामुदायिक समूहों के साथ कई साझेदारियों और विचार-विमर्श के बाद किया जा रहा है, जिसमें 150 से ज़्यादा सिंगापुरी-भारतीय संगठन और 35 साल तथा इससे कम उम्र के 240 से अधिक सिंगापुरी-भारतीय युवा शामिल हैं। आईएनईआई समिति की अध्यक्षता वरिष्ठ परिवहन और विधि राज्य मंत्री मुरली पिल्लई करेंगे। इससमें संस्कृति, समुदाय और युवा मामलों के राज्य मंत्री दिनेश वासु दाश भी होंगे। दोनों ही भारतीय मूल के हैं। दिनेश ने कहा, 'यह समुदाय की, समुदाय के लिए एक समिति होगी। इसका मकसद भारतीय समुदाय में मजबूत नेटवर्क बनाना है, और उन साझेदारों को एक साथ लाना है जो पहले से ही जमीन पर अच्छा काम कर रहे हैं।'



## ऑफ बीट

### रात में अच्छी नींद कैसी होनी चाहिए?

बहुत से लोग सोचते हैं कि जब वे तकिये पर सिर रखेंगे तो उन्हें गहरी और आरामदेह नींद आनी चाहिए और लगभग आठ घंटे के बाद तरोताजा महसूस करते हुए उठना चाहिए। वास्तव में, पूरी रात स्वस्थ नींद चक्रीय होती है क्योंकि आप नींद के विभिन्न चरणों से गुजरते हैं और अक्सर कई बार जागते हैं। कुछ लोगों को इनमें से एक या अधिक बार जागना याद रहता है लेकिन कई लोगों को यह भी याद नहीं रहता कि वे रात में कितनी बार नींद से जागे। एक वयस्क के रूप में, हमारी नींद अलग-अलग चक्रों से गुजरती है और रात के दौरान थोड़ी-थोड़ी देर के लिए नींद टूटती है। प्रत्येक नींद का चक्र लगभग 90 मिनट का होता है। गहरी नींद में जाने से पहले और सपनों की दुनिया (रैपिड आई मूवमेंट-आरईएम) में खोने से पहले हम रात में हल्की नींद से शुरुआत करते हैं। यदि हम अच्छी नींद लेते हैं, तो हम अपनी अधिकांश गहरी नींद रात के पहले भाग में पूरी कर लेते है और रात के दूसरे भाग में हमें सपने आने लगते हैं। वयस्क आमतौर पर रात में पांच या छह नींद के चक्रों से गुजरते हैं और प्रत्येक चरण के अंत में थोड़ी देर के लिए जागना पूरी तरह सामान्य है। इसका मतलब है कि हम रात में पांच बार जाग सकते हैं। यह बढ़ती उम्र के साथ बढ़ सकता है और हम फिर भी स्वस्थ रह सकते हैं।



## ट्रेंड

### आत्मनिर्भर भारत

रक्षा क्षेत्र में भारत आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है। आज भारतीय नौसेना के लिए वॉरशिप्स और सबमरीन भारतीय शिपयार्ड्स में ही बन रही हैं। हमारा लक्ष्य स्पष्ट है 2030 तक दुनिया के टॉप टेन शिपबिल्डिंग नेशन्स में स्थान बनाना और 2047 तक टॉप फाइव में पहुंचना।
- **राजनाथ सिंह, रक्षामंत्री**



### विमान दुर्घटना

विमान दुर्घटना में स्क्वाड्रन लीडर अनुज और फ्लाइट लेफ्टिनेंट पुरवेश के निधन से मैं अत्यंत स्तब्ध हूं। राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा और वीरतापूर्ण सेवा भारतीय वायु सेना की सर्वोच्च भावना को दर्शाती है।
- **नितिन गडकरी, केंद्रीय राजमार्ग मंत्री**



### दो नए कॉरिडोर

दिल्ली की रफ्तार अब और तेज होने जा रही है। 8 मार्च को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 18,000 करोड़ से अधिक की लागत वाली दिल्ली मेट्रो की महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। दिल्ली मेट्रो फेज़-4 के तहत दो नए कॉरिडोर दिल्लीवासियों को समर्पित किए जाएंगे।
- **रेखा गुप्ता, सीएम, नई दिल्ली**



### ट्रंप के सामने नतमस्तक

भारत को रशिया से तेल ख़रीदने की इज़ाज़त देने वाला अमेरिका कौन होता है? भारत को अमेरिका से इज़ाज़त की क्यों ज़रूरत है? मोदी जी, आख़िर आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है जिस की वजह से आप ट्रंप के सामने नतमस्तक हैं।
-**अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, नई दिल्ली**



हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : haribhoomi@gmail.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com



# टी20 विश्व कप में 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' की दौड़ में सैमसन, बुमराह बाहर

एजेंसी ▶▶| दुबई

अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने शानदार फॉर्म में चल रहे भारतीय सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन का नाम उन आठ खिलाड़ियों में शामिल किया है, जिन्हें टी20 विश्व कप के 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' के लिए नामित किया गया है। जिन अन्य खिलाड़ियों को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया है उनमें इंग्लैंड के ऑलराउंडर विल जैक्स, पाकिस्तान के सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी और कप्तान एडन मार्क्रम, न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रचिन रविंद्र और बल्लेबाज टिम सीफर्ट और अमेरिकी गेंदबाज शैडली वैन शाल्कविक शामिल हैं। जसप्रीत बुमराह का नाम दावेदारों की लिस्ट में नहीं है।

### सैमसन ने 201.73 के स्ट्राइक रेट से बनाए रन

सैमसन को टूर्नामेंट के शुरुआती मैचों में खेलने का मौका नहीं मिला था लेकिन पिछले दो मैच में उन्होंने नाबाद 97 और 89 रन की पारी खेल कर भारत को फाइनल में पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने टूर्नामेंट में अब तक चार मैच में 77.33 के औसत और 201.73 के स्ट्राइक रेट से 232 रन बनाए हैं।



### फरहान ने बनाया सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड

जैक्स ने टी20 विश्व कप में अपनी टीम को आठ में से छह मैच जिताने में अहम भूमिका निभाई है। उन्हें चार बार प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला है। उन्होंने आठ मैचों में 226 रन बनाए और नौ विकेट लिए हैं। फरहान ने छह पारियों में 383 रन बनाकर टी20 विश्व कप के किसी एक टूर्नामेंट में सबसे अधिक रन बनाने का रिकॉर्ड बनाया। उन्होंने श्रीलंका और नामीबिया के खिलाफ शतक बनाए। किसी एक टी20 विश्व कप में यह कारनामा करने वाले वह पहले बल्लेबाज हैं।

### बुमराह का न होना हैरान करने वाला है

क्रिकेट फ़ैन हैरान हैं कि आईसीसी ने जसप्रीत बुमराह को दावेदारों की लिस्ट में शामिल नहीं किया है, जिन्होंने पूरे सीज़न में सही बॉलिंग की और टीम इंडिया को जीत दिलाई। 2019 वर्ल्ड कप में उन्होंने अहम भूमिका निभाई थी। इंग्लैंड के खिलाफ सेमीफाइनल में उन्होंने 4 ओवर में 33 रन देकर 1 विकेट लिया था। उन्होंने 18वें ओवर में सिर्फ 6 रन देकर मैच का पासा पलट दिया और टीम इंडिया की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस एडिशन में बुमराह ने 7 मैचों में 6.62 की इकॉनमी से 10 विकेट लिए थे।

### प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के नॉमिनी

विल जैक्स (इंग्लैंड) - 8 मैचों में 9 विकेट और 226 रन
साहिबज़ादा फरहान (पाकिस्तान) - 7 मैच, 383 रन
लुंगी एनगिडी (साउथ अफ्रीका) - 7 मैच, 12 विकेट
एडेन मार्करम (साउथ अफ्रीका) - 8 मैच, 286 रन
रचिन रवींद्र (न्यूज़ीलैंड) - 8 मैच, 128 रन, 11 विकेट
शैडली वैन शल्कविक (USA) - 4 मैच, 13 विकेट
टिम सीफ़र्ट (न्यूज़ीलैंड) - 8 मैच, 274 रन
संजू सैमसन (इंडिया) - 4 मैच, 232 रन

### रविंद्र ने दिया महत्वपूर्ण योगदान

एनगिडी ने सात मैचों में 7.19 की इकॉनमी रेट से 12 विकेट लिए जबकि उनके कप्तान मार्क्रम ने आठ मैचों में तीन अर्धशतक की मदद से 286 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। न्यूजीलैंड के ऑलराउंडर रविंद्र ने बल्ले और गेंद दोनों से अपनी टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उन्होंने अब तक आठ मैचों में 128 रन बनाए हैं और 11 विकेट लिए हैं।

### शाल्कविक ने पेश की मिसाल

अमेरिका भले ही ग्रुप चरण से बाहर हो गया, लेकिन तेज गेंदबाज वैन शाल्कविक ने गेंदबाजों के लिए एक मिसाल पेश की। उन्होंने केवल चार मैच में 6.80 की इकॉनमी रेट से 13 विकेट लिए। विकेटकीपर बल्लेबाज सीफर्ट ने न्यूजीलैंड को टी20 विश्व कप के फाइनल तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई है। दाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आठ मैचों में 274 रन बनाए हैं। टूर्नामेंट का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच रविवार को अहमदाबाद में खेला जाएगा।

## खबर संक्षेप



### पहले दौर में बाहर वीनस

**इंडियन वेल्स।** वीनस विलियम्स का वापसी के बाद खराब प्रदर्शन जारी है और उन्हें बीएनपी पारिबास ओपन टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में हार का सामना करना पड़ा। वाइल्ड कार्ड से प्रवेश पाने वाली 45 वर्षीय वीनस को पहले दौर में फ्रांस की डायने पैरी ने 6-3 6-7(4) 6-1 से हराया। इस तरह से वीनस अपने पिछले आठ डब्ल्यूटीए मैच हार चुकी हैं। वीनस ने दूसरे सेट में अच्छा खेल दिखाया लेकिन विश्व रैंकिंग में 111वें स्थान पर काबिज 23 वर्षीय पैरी ने तीसरे सेट में फिर से नियंत्रण बना दिया और आसानी से जीत दर्ज की। वीनस ने जनवरी में ऑस्ट्रेलियाई ओपन में भाग लिया था लेकिन एकल और युगल दोनों में पहले दौर में ही हार गईं थी।

### रैपिड फायर पिस्टल में शेखावत ने हासिल की बढ़त



**नई दिल्ली।** भावेश शेखावत ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए शुक्रवार को कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में राष्ट्रीय चयन ट्रायल्स टी3 में 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा के पहले चरण के बाद बढ़त हासिल की। राजस्थान के इस निशानेबाज ने पहले चरण की तीनों सीरीज में कुल 294 का स्कोर बनाया। तीन सीरीज में उनका स्कोर 99, 99 और 96 रहा। ओलंपियन अनीश भानवाला 291 (97,98,96) के कुल स्कोर के साथ दूसरे और राजकंवर सिंह संधू 291 (96,98,97) के कुल स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर हैं। राष्ट्रीय चैंपियन सूरज शर्मा ने 290 (98,95,97) अंक लेकर चौथे स्थान पर हैं। इस प्रतियोगिता में शनिवार को 10 मीटर राइफल के क्वालीफाइंग और फाइनल मुकाबले होंगे। इसी दिन 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल स्पर्धा का दूसरा चरण और फाइनल होगा।

### 26 मार्च से खेलो इंडिया आदिवासी खेल




**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ के तीन शहरों रायपुर, जगदलपुर और सरगुजा में 26 मार्च से 6 अप्रैल तक पहले खेलो इंडिया आदिवासी खेल (केआईटीजी) का आयोजन किया जाएगा। केआईटीजी में पदक वाले सात खेल एथलेटिक्स, फुटबॉल, हॉकी, भारोत्तोलन, तीरंदाजी, तैराकी और कुश्ती शामिल होंगे। इसके अलावा दो प्रदर्शनी खेल मल्लखंब और कबड्डी भी इसका हिस्सा होंगे। इन खेलों में भारत के अधिकांश राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों खिलाड़ी भाग लेंगे।' खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा, 'खेलो इंडिया आदिवासी खेल खेलों को विस्तार देने के हमारे प्रयासों का हिस्सा है, जो खेलने के इच्छुक हर युवा को अवसर प्रदान करता है। यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के विजन का हिस्सा है।'

## पिंक बॉल टेस्ट : पहली पारी में 198 रन पर सिमटी भारतीय टीम, एनाबेल ने झटके 4 विकेट

# 200 रन का आंकड़ा पार नहीं कर पाई टीम इंडिया, जेमिमा ने खेली अर्धशतकीय पारी

एजेंसी ▶▶| पर्थ

भारतीय महिला क्रिकेट टीम और ऑस्ट्रेलिया के बीच एकमात्र टेस्ट मैच वाका के मैदान पर खेला जा रहा है। शुक्रवार को पहली पारी में भारत की पूरी टीम 198 रन बनाकर ऑलआउट हुई। पिंक बॉल से खेले जा रहे टेस्ट में एनाबेल सदरलैंड ने बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, भारत की ओर से जेमिमा रोड्रिग्स ने अर्धशतकीय पारी खेली। पिंक बॉल टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली ने टॉस जीतकर पहले भारत को बल्लेबाजी करने का न्योता दिया। भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और स्मृति मंधाना महज 4 रन बनाकर आउट हुईं। प्रतीका रावल ने 3 चौकों की मदद से 18 रन बनाने के बाद एनाबेल सदरलैंड का शिकार बनीं। टीम इंडिया 200 रन का आंकड़ा भी पार नहीं कर सकी।



### अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम शेफाली

शेफाली वर्मा अच्छी शुरुआत का फायदा उठाने में नाकाम रहीं और 35 रन बनाकर आउट हुईं। जेमिमा रोड्रिग्स ने बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए 84 गेंदों में 52 रनों की दमदार पारी खेली। अपनी इस पारी में जेमिमा ने 7 चौके लगाए। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकीं और 19 रन बनाकर पवेलियन लौटीं। दीप्ति शर्मा ने अपने प्रदर्शन से निराश किया और वह 7 रन बनाकर आउट हुईं। विकेटकीपर-बल्लेबाज ऋचा घोष 41 गेंदों का सामना करने के बाद सिर्फ 11 रन ही बना सकीं। स्नेह राणा 5 रन बनाकर आउट हुईं। काश्वी गौतम 54 गेंदों में 34 रन बनाकर नाबाद रहीं। क्रांति गौड़ एक रन ही बना सकीं। सायली सतघरे ने सिर्फ 7 रनों का योगदान दिया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से गेंदबाजी में एनाबेल सदरलैंड ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 17 ओवर में 46 रन देकर 4 विकेट अपने नाम किए। वहीं, लूसी हैमिल्टन ने 31 रन खर्च करते हुए 3 विकेट चटकाए, जबकि डार्सी ब्राउन ने दो विकेट झटके। एश्ले गार्डनर ने ऋचा घोष का विकेट अपने नाम किया। भारतीय टीम ने पर्थ की उछाल भरी पिच पर लगातार अंतराल पर विकेट गंवाए।

### पहले दिन टीम इंडिया ने चटकाए 3 विकेट

पहले दिन का खेल खत्म होने पर ऑस्ट्रेलिया की तरफ से एलिस पेरी 43 और एनाबेल सदरलैंड 20 रन बनाकर खेल रही थी। वहीं इससे पहले एलिसा हीली, फोएबे लिचफील्ड और जॉर्जिया वॉल पवेलियन लौट गई थी। गेंदबाजी में टीम इंडिया की तरफ से अब तक सयाली सतघरे ने 2 जबकि क्रांति गौड़ ने एक विकेट हासिल किया है।



## टी20 विश्व कप

# ब्रुक का शानदार कैच लेकर आनंद आया : अक्षर पटेल



एजेंसी ▶▶| मुंबई

भारतीय उप कप्तान अक्षर पटेल ने टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में इंग्लैंड की सात रन की रोमांचक जीत में बेहतरीन क्षेत्ररक्षण का शानदार नमूना पेश किया और उन्होंने कहा कि इस पूरे मैच के दौरान ऐसा लग रहा था मानो गेंद उनका पीछा कर रही हो।

भारत में सेमीफाइनल में पहुंचने से पहले 13 कैच छोड़े थे लेकिन इंग्लैंड के खिलाफ उसके क्षेत्ररक्षकों ने अच्छा प्रदर्शन किया।

अक्षर पटेल ने खेल के दो अलग-अलग लेकिन महत्वपूर्ण चरणों में खतरनाक हैरी ब्रुक और विल जैक्स को आउट करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अक्षर ने कवर पोजीशन से 24 मीटर पीछे दौड़कर शानदार कैच लेकर ब्रूक को पवेलियन भेजा। इसके बाद अर्शदीप सिंह की वाइड फुल टॉस गेंद को जैक्स ने डीप पॉइंट की ओर खेला। अक्षर ने अपनी बाईं ओर दौड़कर गेंद को लपका लेकिन सीमा रेखा पर संतुलन नहीं बना पाने के कारण उन्होंने उसे शिवम दुबे की तरफ उछाल दिया।

### वह मुश्किल कैच था

अक्षर ने कहा, 'जब मैंने हैरी ब्रुक का कैच लिया तो वह बहुत अच्छा कैच था। वह मुश्किल कैच था। लेकिन अगर आप मैच की स्थिति और इंग्लैंड के बल्लेबाजों की बल्लेबाजी को देखें तो विल जैक्स का कैच बहुत महत्वपूर्ण था जिससे उनकी साझेदारी टूट गई।' उन्होंने कहा, ' अगर आप मुझसे फील्डिंग के लिहाज से पूछें तो हैरी ब्रुक का कैच ज्यादा मुश्किल था। आज मुझे लगा कि गेंद मेरा पीछा कर रही है।' अक्षर ने तब जैक्स को आउट करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया जब वह जैकब बेथेल के साथ मिलकर साझेदारी निभा रहे थे।

## क्रिकेट

# ईटीपीएल की फ्रेंचाइजी खरीदेंगे द्रविड़-अश्विन



एजेंसी ▶▶| लंदन

दिग्गज खिलाड़ी राहुल द्रविड़ और रविचंद्रन अश्विन उस भारतीय समूह का हिस्सा हैं, जो यूरोपीय टी20 प्रीमियर लीग (ईटीपीएल) में एक फ्रेंचाइजी खरीदने जा रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार गर्मियों में होने वाले छह टीमों के टूर्नामेंट में ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी को खरीदने के लिए इस समूह ने एक समझौते पर सहमति जताई है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि ईटीपीएल नीदरलैंड के रॉटरडैम स्थित अपनी फ्रेंचाइजी को भी दक्षिण अफ्रीका के निवेशकों के एक समूह को बेचने की तैयारी में है। इस समूह में दक्षिण अफ्रीका के पूर्व खिलाड़ी फाफ डुप्लेसी, हेनरिक क्लासेन और जोंटी रोड्स भी शामिल हैं। संभावना है कि इस महीने के आखिर में एक कार्यक्रम में दोनों फ्रेंचाइजी की आधिकारिक घोषणा की जाएगी।

### द्रविड़ स्कॉटलैंड की क्रिकेट से जुड़े

द्रविड़ पूर्व में स्कॉटलैंड की क्रिकेट से जुड़े रहे हैं और माना जा रहा है कि यही कारण है कि उन्होंने ग्लासगो स्थित फ्रेंचाइजी के साथ जुड़ने का फैसला किया। स्कॉटलैंड जब इंग्लिश काउंटी क्रिकेट में भाग लेता था तब द्रविड़ 2003 में उसके लिए खेले थे। भारत के दिग्गज बल्लेबाज द्रविड़ ने नेशनल क्रिकेट लीग में 11 मैच खेले, जिसमें उन्होंने तीन शतकों सहित 600 रन बनाए। द्रविड़ ने भारत के लिए 164 टेस्ट और 344 वनडे मैच खेले। उन्होंने इनमें 48 शतकों सहित 24,000 से अधिक रन बनाए। वह नवंबर 2021 से जून 2024 तक भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच भी रहे।

### अश्विन की भागीदारी बेहद दिलचस्प

एम्स्टर्डम, बेलफास्ट और एडिनबर्ग में स्थित ईटीपीएल फ्रेंचाइजी को जनवरी में ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के निवेशकों को बेच दिया गया था। अभी यह पता नहीं चल पाया है कि अश्विन ईटीपीएल में खेलेंगे या नहीं। इस 39 वर्षीय खिलाड़ी ने दिसंबर 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग से संन्यास ले लिया था। अब वह वैश्विक फ्रेंचाइजी लीग में खेलने के लिए स्वतंत्र हैं। रिपोर्ट में कहा गया है, 'अश्विन की भागीदारी बेहद दिलचस्प है। इससे उनके ईटीपीएल में खेलने की संभावना बन गई है, जो आयोजकों के लिए बड़ी उपलब्धि होगी।' अश्विन ने भारत के लिए 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले और कुल 765 विकेट लिए।



### मेस्सी ने भेंट की ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल

**वाशिंगटन।** दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेस्सी ने पिछले साल मेजर लीग सॉकर (एमएलएस) कप जीतने पर इंटर मियामी को सम्मानित करने के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित एक समारोह के दौरान अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को रत्नजड़ित गुलाबी फुटबॉल भेंट की। इंटर मियामी ने दिसंबर में वैंकूवर व्हाइटकैप्स को हराकर मेजर लीग सॉकर का खिताब जीता था। अर्जेंटीना के सुपरस्टार मेस्सी को लगातार दूसरे सत्र में सबसे मूल्यवान खिलाड़ी (एमवीपी) चुना गया था। ट्रंप ने कहा, 'लियो (मेस्सी) आप टीम से जुड़े और आपकी टीम ने जीत हासिल की। आपके लिए अच्छा प्रदर्शन करना आसान नहीं था।

# एएफसी महिला एशियाई कप: जापान की मजबूत टीम से भारत का सामना

एजेंसी ▶▶| पर्थ

वियतनाम के खिलाफ पिछले ग्रुप मैच में दमदार प्रदर्शन से भारतीय महिला फुटबॉल टीम का आत्मविश्वास जरूर बढ़ा होगा लेकिन शनिवार को एएफसी महिला एशियाई कप के दूसरे मैच में जापान की मजबूत टीम से होने वाला मुकाबला उसके लिए चुनौतीपूर्ण होगा।

भारत ने ग्रुप सी के शुरुआती मैच में बुधवार को वियतनाम के खिलाफ हूटर से ठीक तीन मिनट पहले 'इंजुरी टाइम' में गोल गंवा दिया, जिससे उसे 1-2 से हार का सामना करना पड़ा और उसने अहम अंक गंवा दिया। वियतनाम 2023 फीफा विश्व कप में खेला था और उनके खिलाफ मैच में पदार्पण कर रही सैनफिडा नोंग्रम के बराबरी गोल से टीम का मनोबल बढ़ा होगा। लेकिन दुनिया की आठवें नंबर और दो बार की चैंपियन टीम जापान पूरी तरह से अलग टीम होगी और भारत से कहीं बेहतर होगी। अब कोच अमेलिया वाल्वरडे का काम अपनी टीम को मजबूत बनाए रखना और रक्षात्मक मजबूती पर काम करना होगा। इसके साथ ही उन्हें जवाबी हमले पर भी ध्यान देना होगा।



### जापान पर लगाम लगाने की कोशिश करेगी भारतीय टीम

जापान ने अपने पिछले मैच में चीनी ताइपे के पेनल्टी क्षेत्र में 87 बार प्रवेश किया था, जिससे शनिवार को कप्तान स्वीटी देवी की अगुआई वाला भारतीय डिफेंस काफी व्यस्त रहेगा।
भारतीय टीम जापान के गोल की संख्या पर भी लगाम लगाने की कोशिश करेगी। वियतनाम और चीनी ताइपे शनिवार को एक और मैच में आमने-सामने होंगे। तीनों ग्रुप में से प्रत्येक से शीर्ष दो टीम और तीसरे नंबर की दो बेहतर टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंचेंगी। क्वार्टर फाइनल जीतने वाली चार टीम ब्राजील में होने वाले 2027 फीफा महिला विश्व कप के लिए क्वालीफाई करेंगी।

## प्राग इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव का आठवां दौर

# गुकेश जीते, अरविंद ने संयुक्त दूसरा स्थान हासिल किया

**प्राग (एजेंसी)।** विश्व चैम्पियन डी गुकेश ने प्राग इंटरनेशनल शतरंज महोत्सव के मास्टर्स वर्ग के नौवें और अंतिम दौर में स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो को हराकर जीत का सूखा खत्म किया। भारतीय ग्रैंडमास्टर अरविंद चिदंबरम ने चेक गणराज्य के डेविड नवारा को हराकर संयुक्त दूसरा स्थान हासिल कर समापन किया। टूर्नामेंट में पहले लगातार ड्रॉ और तीन हार के बाद गुकेश ने आखिरकार जीत दर्ज की। उज्बेकिस्तान के नोडिरबेक अब्दुसत्तोरोव (छह अंक) ने अमेरिका के हैंस मोके नीमन के खिलाफ सफेद मोहरों से आसान ड्रॉ के बाद टूर्नामेंट जीत लिया। इससे पहले उन्होंने फरवरी में टाटा स्टील मास्टर्स जीता था। उन्होंने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए यहां बिना हारे तीन जीत और छह ड्रॉ हासिल किए।



### दिव्या देशमुख ने नेमेक जाकिम से खेला ड्रॉ



नवारा 4.5 अंक लेकर तीसरे स्थान पर हैं जबकि अराविंद अब केमेर और ईरान के परहाम एम के साथ संयुक्त चौथे स्थान पर हैं। दिव्या देशमुख ने नेमेक जाकिम से ड्रॉ खेला। उजबेकिस्तान के नोदिरबेक याकूबोएव,अमेरिका के हैंस मोके नीमैन और स्पेन के डेविड एंटोन गुइजारो अगले स्थान पर हैं। गुकेश ढाई अंक लेकर उनके बाद हैं। चैलेंजर वर्ग में चेक गणराज्य के 16 वर्ष के इंटरनेशनल मास्टर फिनेक वांक्लाव ने भारतीय ग्रैंडमास्टर सूर्यशेखर गांगुली को ड्रॉ पर रोका।





*ट्रंप को ईरान के विदेश उप मंत्री सईद खतीबजाह की दो टूक*

# न्यूयॉर्क का मेयर चुन नहीं सकते, तेहरान पर दावा कर रहे

*डॉ. खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है। उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे*




**ईरान को समाप्त करने की एक सोची समझी साजिश है**



डॉ. सईद खतीबजादेह

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में अमेरिका और इजराइल के साथ बढ़ते संघर्ष के बीच ईरान के उप विदेश मंत्री डॉ. सईद खतीबजादेह ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दिल्ली में रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए उन्होंने कहा कि तेहरान के पास आक्रामक शक्तियों के खिलाफ जहां से भी अमेरिकी हमले शुरू हो रहे हैं, उन्हें निशाना बनाने के अलावा कोई विकल्प नहीं है। डॉ. खतीबजादेह ने कहा कि अमेरिका और इजराइल की संयुक्त कार्रवाई ईरान के अस्तित्व को समाप्त करने की एक सोची-समझी साजिश है।

उन्होंने इस संघर्ष को 'वीरतापूर्ण, राष्ट्रवादी युद्ध' बताया, जिसका उद्देश्य आक्रामक शक्तियों को पीछे धकेलना है। उन्होंने कहा कि ईरान को अपनी रक्षा के लिए कड़े कदम उठाने होंगे। डॉ. खतीबजादेह ने ट्रंप पर निशाना साधते हुए कहा कि अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान में नेतृत्व परिवर्तन की मांग कर रहे हैं, जबकि वे न्यूयॉर्क के मेयर की नियुक्ति तक नहीं कर सकते। क्या आप इस औपनिवेशिक रवैये की कल्पना कर सकते हैं? एक ओर वे अपने देश में लोकतंत्र देखना चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर वे ईरान के लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित राष्ट्रपति को पद से हटाना चाहते हैं।'

**युद्ध के पीछे 'सत्ता की राजनीति' और 'ग्रेटर इजराइल' का भ्रम**

**ईरान फारस की खाड़ी में अमेरिकी उपस्थिति को समाप्त करेगा**



ईरान ने अजरबैजान के नखचिवान अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर ड्रोन से हमला किया

## ईरान का एक युद्धपोत अभी भारत में: 183 नौसैनिक मौजूद

■ तकनीकी खराबी के बाद मदद भारत से मांगी थी

**नई दिल्ली(भाषा)।** अमेरिका द्वारा ईरानी युद्धपोत आइरिस डेना को टॉरपीडो से डुबाने से कुछ दिन पहले, भारत ने कोच्चि में एक अन्य ईरानी नौसैनिक जहाज में तकनीकी खराबी आने के बाद उसे आपातकालीन स्थिति में खड़े होने की (डॉक) अनुमति दी थी। सरकारी सूत्रों ने जानकारी दी। जहाज को चार मार्च को 183 चालक दल के सदस्यों के साथ कोच्चि में खड़ा किया गया। भारतीय नौसेना की सुविधाओं में ठहरे हुए हैं। सूत्रों ने कहा कि जहाज आइरिस लावन में तकनीकी समस्याएं आ गईं और ईरानी पक्ष के अनुरोध के बाद एक मार्च को आपातकालीन 'डॉकिंग' की मंजूरी दी गई।

## ईरान लंबे युद्ध के लिए तैयार: नैनी



इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स (आईआरजीसी) के एक प्रवक्ता ने कहा कि ईरान लंबे युद्ध के लिए पूरी तरह तैयार है और ऐसे एडवांस्ड हथियार लाने वाला है जिनका अभी तक इस लड़ाई में इस्तेमाल नहीं हुआ है। एक बयान में ब्रिगेडियर जनरल अली मोहम्मद नैनी ने कहा कि ईरान के दुश्मनों को आने वाले हमलों की नई लहर में दर्दनाक वार की उम्मीद करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ईरान की नई कोशिशें और हथियार आने वाले हैं। इन टेक्नोलॉजी का अभी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल नहीं किया गया है।

## भारत ने दी खामेनेई को श्रद्धांजलि



नई दिल्ली में ईरानी दूतावास में गुरुवार को एक विशेष शोक पुस्तिका रखी गई, जिसमें भारत सरकार की ओर से विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने हस्ताक्षर कर ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई की मौत पर संवेदना जताई। विदेश सचिव ने इस मौके पर ईरान के उपविदेश मंत्री सईद खतीबजादेह से भी मुलाकात की। खतीबजादेह भी शोक पुस्तिका में हस्ताक्षर करने के लिए दूतावास पहुंचे थे। हालांकि भारत ने अब तक खामेनेई की मौत पर सीधे कोई तीखी प्रतिक्रिया नहीं दी थी। ऐसे में विदेश सचिव का दूतावास जाकर शोक व्यक्त करना उनकी मौत की भारत की पहली आधिकारिक स्वीकारोक्ति माना जा रहा है।

*ईरान ने बंद नहीं की होर्मुज की खाड़ी...*

## हमारे निशाने पर अमेरिका, इजरायल के झंडे वाले जहाज: खतीबजादे

खाड़ी क्षेत्र में अमेरिका और इजरायल के साथ चल रहे युद्ध के अत्यंत तनावपूर्ण माहौल के बीच शुक्रवार को ईरान के उप-विदेश मंत्री सईद खतीबजादे ने राजधानी दिल्ली से दो टूक अंदाज में अपना पक्ष दुनिया के सामने रखा। जिसमें सबसे पहले उन्होंने ये साफ कर दिया कि ईरान ने होर्मुज की खाड़ी को पूरी तरह से बंद नहीं किया है। लेकिन हमारे निशाने पर अमेरिका और इजरायल के झंडे वाले जहाज और टैंकर हैं। उन्हें खाड़ी से गुजरने की इजाजत नहीं दी जाएगी। हमारा यही रुख ईरान पर हमला कर रहे इन दोनों देशों के सहयोगियों पर भी समान रूप से लागू होगा। यह जानकारी खतीबजादे ने 6 मार्च को भारत की मेजबानी में आयोजित किए जा रहे 'रायसीना संवाद-2026' के एक सत्र को संबोधित करते हुए दी है।

## यूएस ने ईरान के 30 जहाजों को डुबोया

एक शीर्ष अमेरिकी सैन्य अधिकारी ने एडमिरल ब्रैड कूपर कहा कि अमेरिका ने युद्ध के दौरान 30 से अधिक ईरानी जहाजों को डुबो दिया है, जबकि तेहरान की सेनाओं द्वारा बैलिस्टिक मिसाइल और ड्रोन हमलों में काफी कमी आई है। कूपन ने बताया कि 30 से अधिक जहाज डुबो दिए हैं, और पिछले कुछ घंटों में ही हमने एक ईरानी ड्रोन वाहक पोत को निशाना बनाया है, जिसका आकार लगभग द्वितीय विश्व युद्ध के विमानवाहक पोत के बराबर है।

## इजराइल का दक्षिणी बेरूत में कई जगह हमला

इजराइल सेना का दावा है कि उसने दक्षिणी बेरूत के धाहियेह इलाके में 26 राउंड हमले किए हैं। सेना ने बताया कि उसने हिज्बुल्ला के इस्तेमाल किए जाने वाले अलग-अलग इंफ्रास्ट्रक्चर को निशाना बनाया है, जिसमें समूह की कार्यकारी परिषद का मुख्यालय और ड्रोन वाला एक वेयरहाउस शामिल है। वहीं लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार सोमवार से बेरूत समेत लेबनान पर हुए हमलों में कुल 123 लोग मारे गए हैं और 683 घायल हुए हैं।

## स्कूल पर हमले की जांच हो: यूएन



अमेरिका का तेहरान पर हमला जारी

28 फरवरी से शुरू हुई जंग का आत सातवां दिन है। ऐसे में रोजाना मृतकों का आंकड़ा बढ़ रहा है। ईरानी रेड क्रिसेंट की रिपोर्ट के अनुसार अब तक अमेरिका और इजराइल के हमलों में ईरान में कम से कम 1,332 लोग मारे गए हैं। वहीं, लेबनान में 100 से ज्यादा और इजराइल में करीब एक दर्जन लोगों की जान जा चुकी है। वहीं, संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर तुर्क ने ईरान के स्कूल में हुए हमले की जल्द जांच कराने की अपील की। इस हमले में 175 लोगों की मौत हो गई थी। तुर्क ने जिनेवा में कहा कि अमेरिका ने इस हमले की जांच की घोषणा की है। संयुक्त राष्ट्र चाहता है कि यह जांच जल्द, पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से पूरी की जाए। इसके साथ ही हमले के लिए जिम्मेदार लोगों की जवाबदेही तय होनी चाहिए। पीड़ितों को न्याय और उचित मुआवजा भी मिलना चाहिए। इस बीच, अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने कहा कि अमेरिका मिनाब में हुए इस हमले की जांच कर रहा है।

## ईरान ने स्कूल पर किया हमला: अजरबैजान



अजरबैजान के जुफिया शहर में ईरान के हमले से क्षतिग्रस्त स्कूल

दक्षिण काकेशस क्षेत्र में भी तनाव बढ़ गया है। अजरबैजान ने आरोप लगाया है कि ईरान के ड्रोन ने उसके नखचिवान क्षेत्र में हमला किया, जिससे एक एयरपोर्ट की इमारत को नुकसान हुआ और चार लोग घायल हो गए। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने इसे आतंक और आक्रामकता बताया और कहा कि सेना को जवाबी कार्रवाई के लिए तैयार रहने का आदेश दिया गया है। राष्ट्रपति ने कहा कि जुफिया में एक स्कूल पर ईरान ने हमला किया है। हालांकि ईरान ने इन आरोपों से इनकार करते हुए कहा है कि उसने अजरबैजान की ओर कोई ड्रोन नहीं भेजा।

## सऊदी अरब और जॉर्डन ने ईरानी ड्रोन मार गिराए

सऊदी अरब के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि रियाद के पूर्व में ईरान के तीन ड्रोन नष्ट कर दिए हैं। वहीं, जॉर्डन के इरबिद शहर में हवाई रक्षा बलों ने कई ड्रोन मार गिराए हैं। बहरीन की राजधानी मनामा पर रात भर हुए हमलों में शहर के फाइनेंशियल हार्बर टावर्स वाणिज्यिक परिसर को निशाना बनाया गया। परिसर पर हमला इसलिए किया गया क्योंकि शहर में इजराइली दूतावास वहीं स्थित था। परिसर के आसपास एक ईरानी ड्रोन को रोका गया और नष्ट कर दिया गया।

## ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल

ईरान के हमले में कुवैत के 67 जवान घायल हो गए हैं। वहीं सैकड़ों मिसाइलें और ड्रोन टारगेट पर पहुंचने से पहले ही नष्ट कर दिए हैं। कुवैत के रक्षा मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता सऊद अल-अतवान ने कहा कि घायल लोगों का अस्पताल में इलाज जारी है और उनकी हालत स्थिर है। उन्होंने आगे कहा कि दो लोगों को अभी भी मेडिकल निगरानी में रखा गया है।

## अमेरिका के पास 20 दिन का तेल!

ईरान से युद्ध के बीच अमेरिका में भी हाहाकार मची हुई है। ट्रंप की एक गलती से अमेरिका का तेल का भंडार तेजी से खाली हो रहा है। अमेरिका का स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व 1974 में बनाया गया था। इसका मकसद किसी भी बड़े युद्ध या संकट के समय देश में तेल की सप्लाई को बनाए रखना था। हालिया रिपोर्ट बताती है कि अमेरिका का यह रिजर्व अपनी कुल क्षमता 71.4 करोड़ बैरल के मुकाबले सिर्फ 41.5 करोड़ बैरल पर सिमट गया है। यह स्टॉक अमेरिका की जरूरतों के हिसाब से सिर्फ 20 दिनों के लिए ही काफी है।

## स्पाइसजेट यूएई से 14 विशेष उड़ानों का करेगी संचालन

**नई दिल्ली।** स्पाइसजेट पश्चिम एशिया संकट के कारण फंसे हुए यात्रियों को लाने के लिए शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से 14 विशेष उड़ानों का संचालन करेगी। पश्चिम एशिया संकट के कारण भारतीय एयरलाइनों ने बृहस्पतिवार को 281 अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी थीं और सरकार क्षेत्र के हालात पर बारीकी से नजर रख रही है। स्पाइसजेट ने कहा कि पिछले तीन दिनों में उसने यूएई से दिल्ली, मुंबई और कोच्चि के लिए 25 विशेष उड़ानों का संचालन किया है।

*भारत-फिनलैंड के बीच एमओयू*

## पर्यावरण सहयोग के तहत स्वच्छ ऊर्जा और अपशिष्ट प्रबंधन पर जोर

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और फिनलैंड के बीच पर्यावरण सहयोग को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। दोनों देशों ने वर्ष 2020 में हस्ताक्षरित पर्यावरण सहयोग से जुड़े समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण किया है, जिससे प्रदूषण नियंत्रण, अपशिष्ट प्रबंधन, चक्रीय अर्थव्यवस्था और जलवायु कार्रवाई के क्षेत्रों में साझेदारी को और मजबूती मिलेगी। केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक्स पर जानकारी साझा करते हुए कहा कि फिनलैंड सरकार की जलवायु एवं पर्यावरण मंत्री सुश्री सारी



सारा मुलताला और भूपेंद्र यादव

मुलताला से मुलाकात करके मुझे बेहद खुशी हुई। भारत ने जलवायु परिवर्तन पर सहयोग को और मजबूत करने के लिए 2020 में हस्ताक्षरित पर्यावरण सहयोग समझौता ज्ञापन का नवीनीकरण किया है। बैठक के दौरान, चक्रीय अर्थव्यवस्था, स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन, सतत गतिशीलता और अपशिष्ट प्रबंधन से संबंधित विषयों पर सार्थक चर्चा की।

## महिला का दावा उसके साथ ट्रंप ने किया था शोषण

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्याय विभाग ने एपस्टीन फाइल्स को लेकर एक महिला ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप पर यौन उत्पीड़न का आरोप लगाया है। महिला ने जांचकर्ताओं को बताया कि जब वह 13 से 15 वर्ष की थी, तो एपस्टीन एक बार उसे न्यूयॉर्क या न्यू जर्सी ले गया था। वहां एक बड़ी इमारत में उसकी मुलाकात ट्रंप से हुई थी। यौन शोषण से पहले ट्रंप ने कमरे में मौजूद सभी लोगों को बाहर जाने के लिए कहा। महिला ने अपना बचाव करते हुए ट्रंप को काट लिया। जिसके बाद लोग कमरे में आ गए। महिला ने बताया कि इसके बाद ट्रंप दो बार फिर उससे मिले।



## अनिल अंबानी के 12 ठिकानों पर ईडी के छापे

**मुंबई (एजेंसी)।** देश के प्रमुख कारोबारी घरानों में शुमार अनिल अंबानी समूह एक बार फिर केंद्रीय जांच एजेंसी के निशाने पर है। ईडी ने शुक्रवार सुबह रिलायंस पावर से जुड़े मुंबई और हैदराबाद के 10 से 12 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की।करीब 15 टीमों ने इस ऑपरेशन को अंजाम दिया, जिसमें डिजिटल साक्ष्य और महत्वपूर्ण दस्तावेजों को कब्जे में लिया गया है।

## बेटिकट यात्रा करने पर 6 माह की जेल या जुर्माना

**नई दिल्ली।** रेलवे ने साफ कहा है कि बिना वैध टिकट या पास के ट्रेन में यात्रा करना कानून के खिलाफ है। रेलवे एक्ट की धारा 137 के तहत ऐसा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई हो सकती है। इसमें जुर्माना लगने के साथ-साथ 6 माह की जेल की सजा भी हो सकती है। रेलवे लगातार जागरूकता अभियान चला रहा है ताकि लोग नियमों का पालन करें और कानूनी तरीके से यात्रा करें। अगर कोई व्यक्ति बिना टिकट ट्रेन में यात्रा करता हुआ पकड़ा जाता है तो उस पर जुर्माना लगाया जा सकता है।

## चारधाम यात्रा: पहले दिन 1.12 लाख ऑनलाइन पंजीकरण

**देहरादून ।** उत्तराखंड में इस वर्ष की चारधाम यात्रा के लिए शुक्रवार से ऑनलाइन पंजीकरण शुरू हो गया और पहले ही दिन एक लाख 23 हजार 788 श्रद्धालुओं ने अपना पंजीकरण करवाया। पर्यटन विभाग द्वारा उपलब्ध जानकारी के अनुसार, सबसे अधिक 42,311 पंजीकरण केदारनाथ धाम के लिए हुए जबकि बदरीनाथ के लिए 36,495, गंगोत्री के लिए 22,702 और यमुनोत्री के लिए 22,280 श्रद्धालुओं ने पंजीकरण करवाया।

*वैश्विक तनाव के बीच रायसीना डायलॉग 2026 में बोले विदेश मंत्री एस. जयशंकर*

# कोई देश अब खुद को नहीं कह सकता सर्वोच्च ताकत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** वैश्विक तनाव के बीच विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने कहा कि आज कोई भी देश पूरी तरह से हावी नहीं है। रायसीना डायलॉग 2026 में बोलते हुए विदेश मंत्री ने पिछले सात दशकों में वैश्विक शासन के विकसित होते स्वरूप पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि जब हम इन 70 वर्षों को पीछे मुड़कर देखते हैं, तो मुझे लगता है कि 1945 या 1989 को हमेशा के लिए स्थिर करने की उम्मीद एक बहुत ही अवास्तविक उम्मीद थी। उन्होंने कहा कि 1945 या 1989 के बाद बने विश्व व्यवस्था को हमेशा के लिए बनाए रखने की उम्मीद करना अवास्तविक था। उन्होंने कहा कि पिछले 70 साल को अगर इतिहास के नजरिए से देखें तो यह भारत के हजारों साल के इतिहास का सिर्फ एक छोटा हिस्सा है, इसलिए दुनिया का बदलना स्वाभाविक है।



## वैश्विक व्यवस्था में बदलाव के पीछे दो बड़ी ताकतें

जयशंकर ने कहा कि वैश्विक व्यवस्था में बदलाव के पीछे दो बड़ी ताकतें काम कर रही हैं तकनीक (टेक्नोलॉजी) और जनसंख्या का स्वरूप (डेमोग्राफी)। आने वाले दशक में यही दोनों कारक दुनिया की दिशा तय करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आज वैश्विक राजनीति का विश्लेषण अक्सर अमेरिका के इर्द-गिर्द किया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दुनिया धीरे-धीरे कई ताकतों में बंट रही है। अब कोई भी देश ऐसा नहीं है, जो हर क्षेत्र-जैसे अर्थव्यवस्था, सैन्य शक्ति, तकनीक या कूटनीति में पूरी तरह से हावी हो।

**ताकत का मतलब जीडीपी नहीं :** विदेश मंत्री के मुताबिक आज ताकत का मतलब सिर्फ जीडीपी या सैन्य शक्ति नहीं रह गया है। दुनिया के अलग-अलग हिस्से अलग-अलग क्षेत्रों में मजबूत हो रहे हैं, इसलिए वैश्विक शक्ति अब कई देशों और क्षेत्रों में फैली हुई है।

**भविष्य 'मल्टीपोलर' होने वाला :** जयशंकर ने कहा कि जीवन लगातार आगे बढ़ता है और अतीत के प्रति अत्यधिक लगाव ने उन ताकतों को नजरअंदाज कर दिया जो बदलाव ला रही थीं। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि भविष्य बहुत अधिक 'मल्टीपोलर' होने वाला है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28